

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची,सोमवार, 26 अगस्त 2024

संवत 2081, भादपद कृष्ण 7 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-7, अंक 346 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028




4 'गब्बर' ने चुपके से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा बाय-बाय...

सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली बिग बॉस 18 में लेंगी हिस्सा 6

## दिल्ली में आज चंपाई सोरेन बीजेपी नेताओं से मिलेंगे

# कर सकते है कोई बड़ी घोषणा !

### चंपाई सोरेन का कटआउट और होर्डिंग्स राजनीतिक गलियारे में बना चर्चा का विषय

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन रविवार देर शाम चाकुलिया-बहरागोड़ा के रास्ते कोलकाता के लिए रवाना हो गये थे। सोमवार को वे दिल्ली पहुंचेंगे, जहां भाजपा के बड़े नेताओं से उनकी बात होने की संभावना है। झामुमो से नाता तोड़ने की घोषणा के बाद सबको चंपाई के अगले कदम का इंतजार है। चंपाई सोरेन के करीबियों की मानें तो दिल्ली से कोई बड़ी घोषणा हो सकती है। एक सप्ताह पहले भी वह दिल्ली में तीन दिन ठहरे थे इसके बाद वे जमशेदपुर लौट आये थे।



एक सप्ताह के बाद दूसरी बार जा रहे हैं दिल्लीः झारखंड सरकार में मंत्री चंपाई सोरेन एक सप्ताह के बाद दूसरी बार दिल्ली जा रहे हैं। उस वक्त उनके बीजेपी ज्वॉइन करने की चर्चा तेज हो गयी थी। लेकिन उन्होंने उस वक्त इन बातों पर विराम लगाते हुए कहा कि दिल्ली में उनकी किसी बीजेपी नेता से मुलाकात नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने अपने गांव लौट कर ये घोषणा कर दी कि वह राजनीति से संन्यास नहीं लेंगे और अपना नया संगठन बनायेंगे। इस दौरान कोई समान विचारधारा वाले दोस्त से मुलाकात हुई तो वह उनके साथ आगे की यात्रा तय करेंगे।

सरायकेला में चपाई सोरेन का कटआउट बना गया था चर्चा का विषयः दिल्ली से लौटने के बाद वह लगातार कोल्हान का दौरा कर रहे थे। वह जहां भी जाते वहां उनके समर्थक उनका जोरदार स्वागत करते थे। इस कड़ी में शनिवार को वह सरायकेला दौरे थे। इस दौरान उनका कटआउट और होर्डिंग्स राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बन गया। चंपाई सोरेन के कटआउट का बैकग्राउंड बदल गया था। कटआउट का बैकग्राउंड हरा की बजाय भगवा रंग का था। जबकि होर्डिंग्स भी भगवा रंग में रंग गया था। हालांकि होर्डिंग्स में सिर्फ चंपाई सोरेन जिंदाबाद लिखा था। लेकिन स्थानीय लोग भगवा रंग देखकर चकित थे। सबसे ज्यादा लोग इस बात की चर्चा कर रहे थे कि क्या चंपाई दादा भाजपा जा रहे हैं? हालांकि जब उनसे इस संबंध में सवाल पूछा गया था तो उन्होंने चतुराई से बात टालते हुए कहा कि वह अलग रास्ते पर निकल चुके हैं। अब नया अध्याय लिखेंगे।

जमीन- विवाद

## बेटे ने अपने चाचा के साथ मिलकर पिता को उतारा मौत के घाट, दोनों आरोपी गिरफ्तार



**कोडरमा :** सतगांवा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पंचायत राजाबर के (मामा थान) पछियारीडीह गांव में बेटे ने अपने चाचा के साथ मिलकर पिता की हत्या कर दी। मृतक की पहचान ब्रह्मदेव महतो के रूप में हुई है। जमीन विवाद की वजह से घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**देर रात दो भाइयों में हुई कहा सुनीः** जानकारी के मुताबिक रविवार की रात 11 बजे ब्रह्मदेव महतो और महावीर महतो नशे में धुत थे। इस दौरान दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी। बात इतनी बढ़ गयी कि दोनों मारपीट पर उतारू हो गये। इसके बाद महावीर महतो ने मृतक के पुत्र बहादुर यादव के साथ मिलकर रड एवं कुल्हाड़ी उस पर वार कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। इधर जैसे ही ग्रामीणों ने घटना की सूचना मिली उन्होंने तुरंत सतगांवा पुलिस को जानकारी दी।

हत्या के दोनों आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तारः खबर मिलते ही कोडरमा के सतगांवा थाना प्रभारी विजय गुप्ता दलबल के साथ रात 2 बजे घटनास्थल पर पहुंचे व मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आये। इसके बाद पुलिस ने तुरंत हत्या के आरोपी महावीर महतो को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन हत्या का दूसरा आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। लेकिन इसी बीच थाना प्रभारी को सूचना मिली की आरोपी बहादुर यादव कोडरमा स्टेशन से ट्रेन पकड़कर शहर भागने वाला है। फिर पुलिस ने स्टेशन से हत्या के दूसरे अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों से पूछताछ की गयी तो पता चला कि दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन विवाद के कारण लड़ाई होती रहती थी। इधर, मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि इस मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश पांच गिरफ्तार

**फरुर्खाबाद :** कासगंज-कानपुर रेलमार्ग पर लकड़ी का लट्ठा डालकर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश के मामले में कायमगंज पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया। दो को छोड़ दिया, जबकि तीन अन्य से पूछताछ चल रही है। रेलवे सीआईबी अफसर सादा लिबास में गांवों में काम कर रहे हैं। पेड़ मालिक के बेटे से भी जानकारी ली। अधिकारी इस मामले में ढिलाई बरतना नहीं चाह रहे हैं। कासगंज से फरुर्खाबाद जा रही स्पेशल पैसेंजर ट्रेन (05389) के सामने शुक्रवार रात करीब सवा 11 बजे भटासा हाल्ट से निकलते ही किमी संख्या 160 के पास पटरी पर एक लकड़ी का मोटा लट्ठा रखकर बेपटरी करने की कोशिश की गई थी। सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ जहीर अहमद ने कायमगंज कोतवाली में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया था। थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव अरियारा निवासी तीन और तुर्कललइया के दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद पेड़ मालिक के पुत्र समेत दो को छोड़ दिया, जबकि तीन अन्य से गहन पूछताछ के आधार पर अन्य संदिग्धों की तलाश में दबिश दी जा रही हैं।

### जिले के उपायुक्तो ने कहा, संताल में घुसपैठिए नहीं, हाईकोर्ट ने पूछा

## आदिवासियों की संख्या कैसे घटी यह भी बतायें

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने संताल इलाके के उपायुक्तों और एसपी द्वारा अदालत में दिये गये हलफनामे में आदिवासियों की लगातार घटती आबादी पर कोई जानकारी नहीं देने पर निराशा जताई है। दानयाल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने 22 अगस्त को 5 पन्नों के अपने आदेश में केंद्र सरकार की एजेंसियों द्वारा जवाब देने के लिए समय मांगे जाने पर भी नाराजगी जताई है।





सुनवाई के आदेश की विस्तृत कॉपी हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड : जनहित याचिका पर हुई सुनवाई के आदेश की विस्तृत कॉपी हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है।अदालत ने अपने आदेश में कहा कि संताल के डीसी यह बता रहे हैं कि वहां बांग्लादेशी मूल के लोगों की घुसपैठ नहीं हुई है , लेकिन आदिवासियों की घटती संख्या के पीछे क्या वजह है, यह नहीं बताया गया है। इस केस की अगली सुनवाई 5 सितंबर को हैः गुरुवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक, यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरिटी द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय दिये जाने के आग्रह को ठुकराते हुए अगली सुनवाई से पहले जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने संताल के जिला उपायुक्तों द्वारा आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए किन दस्तावेजों को आधार बनाया जा रहा है , इस बिंदु पर भी जानकारी मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई 5 सितंबर को है।उससे पहले जनहित याचिका करने वाले दानयाल दानिश डीसी द्वारा दिये गये जवाब पर अपना प्रतिउत्तर दाखिल करेंगे।

## डॉ इश्तियाक का करीबी बबलू खान पहुंचा ईडी ऑफिस

**रांचीः** अलकायदा के संदिग्ध आतंकी डॉक्टर इश्तियाक के करीबी बबलू खान सोमवार को ईडी ऑफिस पहुंचा। जिसके बाद उससे पूछताछ शुरू कर दी गई है। इश्तियाक का कनेक्शन रांची जमीन घोटाले के आरोपियों से भी जुड़ा है। ईडी ने जमीन घोटाले में जेल में बंद अफसर खान के भाई और जेल में बंद ताल्हा खान के ससुर बबलू खान को समन किया था। बबलू खान के अस्पताल से इश्तियाक के जुड़े होने की बात सामने आई है। इनकी पारिवारिक रिश्तेदारी भी है।







### जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव

## भाजपा ने 44 उम्मीदवारों के नाम का किया ऐलान, पूर्व डिप्टी सीएम का टिकट कटा





**नई दिल्ली :** जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने 44 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा ने सोमवार को जारी किए गए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में प्रथम चरण में होने वाले चुनाव के लिए 15 सीटों पर, दूसरे चरण में चुनाव वाले 10 सीटों पर और तीसरे चरण में चुनाव वाले 19 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं।

भाजपा ने पाम्पोर से इंजी।सैयद शौकत गयूर अंद्राबी, राजपोरा से अर्शीद भट्ट, शौपियां से जावेद अहमद कादरी, अनंतनाग पश्चिम से मोहम्मद रफीक वानी, अनंतनाग से अधिवक्ता सैयद वजाहत, किश्तवाड़ से शगुन परिहार,भदरवाह से दिलीप सिंह परिहार,डोडा से गजय सिंह राणा, रामबाण से राकेश ठाकुर,बनिहाल से सलीम भट्ट, हब्बाकदल से अशोक भट्ट और रियासी से कुलदीप राज दुबे को उम्मीदवार घोषित किया है।

पार्टी के अन्य उम्मीदवारों की बात करें तो, भाजपा ने श्री माता वैष्णो देवी विधानसभा सीट से रोहित दुबे,बुधल से चौधरी जुल्फीकर अली,मेंढर से मुर्तजा खान,नगरोटा से देविंदर सिंह राणा, जम्मू पश्चिम से अरविंद गुप्ता, जम्मू उत्तर से शाम लाल शर्मा, अखनूर से मोहन लाल भगत, छम्ब से राजीव शर्मा को मैदान में उतारा है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रविवार को हुई भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई गई थी।

इस लिस्ट की खास बात ये है कि इसमें पूर्व डिप्टी सीएम और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ। निर्मल सिंह को टिकट नहीं मिला है। निर्मल सिंह ने 2014 में बिलावर विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी। वहीं, पूर्व डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता को भी टिकट नहीं मिला है। हालांकि, अटकलें हैं कि कविंद्र गुप्ता के नाम का ऐलान अगली लिस्ट में किया जा सकता है। इस लिस्ट में प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष रवींद्र रैना के नाम का भी ऐलान नहीं किया गया है। आपको बता दें कि जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा का चुनाव होना है। राज्य में पहले चरण के मतदान के तहत 18 सितंबर को 24 सीटों पर चुनाव होना है। वहीं दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को 26 सीटों पर और तीसरे चरण के तहत एक अक्टूबर को 40 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है।

न्यूज ब्रीफ

## कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन शुरू



**बीरू :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोउल्लास के साथ धूमधाम से श्री जगन्नाथ मंदिर बीरू में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर 24 घंटे का श्री अखंड हरी कीर्तन किया जा रहा है। भाजपा नेता सह समिति के संरक्षक तुलसी कुमार साहू ने बताया कि आज 26 अगस्त 2024 दिन सोमवार को सुबह 6:00 पूरे बीरू ग्राम के ग्रामीणों माताओं ,बहनों व श्रद्धालुओं के साथ भव्य तरीके से पूरे विधि विधान से कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा के उपरांत आज शाम 5:00 पूरे विधि विधान के साथ अधिवास पूजन किया जाएगा उसके उपरांत कल 27 अगस्त 2024 दिन मंगलवार सुबह 8:00 बजे श्री हरि कीर्तन प्रारंभ होगा यह कीर्तन लगातार 24 घंटे तक चलेगा फिर 27 अगस्त 2024 दिन बुधवार को सुबह 8:00 बजे श्री हरि कीर्तन समापन होगा उसके उपरांत उसी दिन 9:00 बजे से बीरू ग्राम में नगर कीर्तन एवं दधिभंजन किया जाएगा एवं उसके बाद 11:00 बजे से पूरे विधि विधान के साथ पूजा प्रारंभ होगा 1:00 पूणार्हुती एवं महाआरती होगा उसके पश्चात 1:30 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अखंड हरी कीर्तन में पुरोहित के रूप में श्री प्रदीप मिश्रा यजमान के रूप में श्री दुर्ग विजय सिंह देव और पंडित के रूप में श्री मंटू मिश्रा रहेंगे। इस श्री हरि कीर्तन में बीरू के अलावा अगल-बगल के कई कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया है कई कीर्तन मंडली शामिल होंगे आप सभी माताओं, बहनों, श्रद्धालुओं से आग्रह है कि इस अखंड हरी कीर्तन में शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए श्री कृष्ण जन्माष्टमी प्रबंधन समिति बीरू एवं मां काली मंदिर निर्माण समिति बीरू पूरे श्रद्धा के साथ लगे हुए हैं।

## सुढी समाज का सम्मेलन आयोजित

**मुरी :** रविवार को तमाड़ -खूंटी पथ पर स्थित आर्यावर्त होटल में पंच परगणा सुढ़ी संध,सुढ़ी समाज के परिचय सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे पंचपरगणा नव नियुक्त सुढी समाज अध्यक्ष अनुप कुमार ठाकुर को सम्मानित किया। इस समारोह में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू,सिल्ली शौणिडक जागरण मंच के संरक्षक कुमुद प्रसाद साहू, अध्यक्ष राधेश्याम साहु, उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू, संजय भगत समेत काफी संख्या में बंगाल, खुटी,अडकी के सदस्य उपस्थित थे।

## आरएन दास बने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**जमशेदपुर :** रथीन्द्र नाथ दास जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मलकीत सिंह सैनी को हराया। रथीन्द्र नाथ दास को 567 वोट मिले। जबकि सैनी को 346 मतों से संतोष करना पड़ा। रथींद्र नाथ दास दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वरिष्ठ अध्वक्ता बलाई पंडा उपाध्यक्ष, बिनीता सिंह व संजीव रंजन बरियार संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर जय प्रकाश भगत ने जीत दर्ज की। वहीं पुष्पा कुमारी सहायक कोषाध्यक्ष बनी। महासचिव पद पर अधिवक्ता राजेश रंजन व अजय सिंह राठौर के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। हालांकि राजेश रंजन का पलडा भारी लग रहा है। ज्ञातव्य हो कि 24 अगस्त को एसोसिएशन के चुनाव के लिए मतदान कराया गया। जिसमें द्विवार्षिक ( 2024 - 2026 ) चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। चुनाव में कुल 1520 मतदाताओं में 1322 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## 13 हजार बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की खुराक

**जमशेदपुर :** विशेष अभियान के तहत घाटशिला में 13 हजार 14 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान के दूसरे दिन सोमवार को और तीसरे दिन मंगलवार को डोर टू डोर अभियान चलाकर लक्ष्य को पूरा किया जायेगा। इससे पूर्व पल्स पोलियो अभियान को लेकर रविवार को घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडलाधिकारी सचिदानंद महतो, प्रमुख सुशीला टुडू, बीडीओ युनिका शर्मा, सीओ निशात अंबर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आरएन सोरेन बीपीएम मयंक सिंह, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने दीप प्रज्ज्वलित कर और बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। इस मौके पर डॉ आरएन सोरेन ने बताया कि पल्स पोलियो को जड़ से मिटाने को लेकर एक बार फिर यह अभियान शुरू किया गया है। अभियान मंगलवार तक चलेगा। उन्होने कहा कि घाटशिला प्रखंड में इस बार 13 हजार 900 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें सोमवार को 194 बूथों पर 13 हजार 14 बच्चों को यह खुराक पिलायी गई। 26 अगस्त और 27 अगस्त को टीम घर-घर जा कर दवा पिलायेगी

## गिरिडीह के युवक की सिजुआ में ट्रेन से गिरकर मौत



**धनबाद-चंद्रपुरा:** रेलखंड पर सिजुआ स्टेशन के केबिन के समीप रेल पटरी किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। शव क्षत-विक्षत हालत में था। सुबह स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना जोगता पुलिस तथा जीआरपी को दी। इसके बाद पुलिस ने पहुंच कर छानबीन शुरू की। मृतक की जेब से धनबाद से सूरत (गुजरात) का रेल टिकट तथा पैन कार्ड मिला। पेन कार्ड में नाम वरुण सिंह, पता गिरिडीह, बिरनी, गोदी भरकट्टा अंकित था। कार्ड में अंकित पते पर संपर्क करने पर पुलिस को जानकारी मिली कि शव वरुण सिंह के भाई दीपक सिंह (45) का है। शनिवार को घर से निकला था दीपक : दीपक सिंह अपने घर से नौकरी की तलाश में शनिवार को सूरत जाने के लिए निकला था। संभवतः दीपक सिंह धनबाद से मालदा-सूरत एक्सप्रेस ट्रेन से सूरत जा रहा था। इसी क्रम में सिजुआ स्टेशन से पहले वह ट्रेन से गिर गया। सिर पर चोट लगने से उसकी मौत हो गयी। कुसुंडा जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। शव से कुछ ही दूरी पर पोल संख्या 10/5 के पास मृतक का बैग पड़ा था। आशंका जतायी जा रही है जेनरल बोगी में अत्यधिक भीड़ रहने की वजह से पहले दीपक का बैग गिर गया था, जिसे देखने के क्रम में पैर फिसलने से वह ट्रेन से नीचे गिर गया था। जीआरपी ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है।

# लापता विमान चांडिल बांध के तालाब में मिला

## एनडीआरएफ-नौसेना गहराई से निकालने में जुटीं

मेट्रो रेज



**रांची :** सरायकेला-खरसावां जिले के सोनारी हवाई अड्डे से 20 अगस्त को उड़ान भरने के बाद लापता हुए दो सीट वाला विमान चांडिल बांध के जलाशय में मिला। विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ और नौसेना की टीम ने विमान को बांध के जलाशय में गहराई में पाया है। इसे निकालने का काम चल रहा है। लापता विमान सेसना 152 अलकेमिस्ट एविएशन नामक कंपनी का था। विमान ने मंगलवार को पूर्वाह्न करीब 11 बजे जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। इसकी तलाश एनडीआरएफ और नौ सेना की 19 सदस्यीय टीम कर रही थी। गुरुवार को बांध में प्रशिक्षु पायलट और उनके प्रशिक्षक का शव मिला था। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षु पायलय सुब्रोदीप दत्त और पायलट कैप्टन जीत सत्रु आनंद के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया। विमान का मालिकाना हक रखने वाली अलकेमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड ने एक बयान जारी कहा कि दुर्घटना के कारणों के बारे में अभी किसी प्रकार की टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। विमान में 80 लीटर ईंधन था और यह चार घंटे 30 मिनट तक उड़ान भर सकता था। विमान 20 अगस्त की सुबह 11 बजे पायलट और प्रशिक्षु पायलट के साथ जमशेदपुर के सोनारी एयरोड्रोम से उड़ान भरी थी और दस मिनट ही विमान का संपर्क जमशेदपुर एयर ट्रैफिक कंट्रोल टॉवर (एटीसी) से टूट गया।

## ग्रामीणों को विस्थापित करने का भय दिखा रहा वन विभाग, होगा आंदोलन

मेट्रो रेज

**जमशेदपुर :** वन पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक जमशेदपुर सह संयोजक, निगरानी समिति दलमा इको सेंसिटिव जोन दलमा वण्यप्राणी आश्रयणी की तराई में बसे गांवों के ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 19बी के तहत नोटिस जारी कर वन विभाग के कार्यालय में बुलाया है। इसको लेकर दलमा सुरक्षा मंच व संयुक्त ग्राम सभा मंच ने नाराजगी जताई है। इसको लेकर रविवार को चांडिल प्रखंड के आसनबनी स्थित नव प्राथमिक विद्यालय सालतोल के प्रांगण में गिडू मांझी की अध्यक्षता में दलमा ग्रामसभा सुरक्षा मंच व संयुक्तग्राम सभा मंच की बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि दलमा के तराई में बसे लोगों को वन विभाग विस्थापन का भय दिखा रही है।

मंच की ओर से कहा गया कि वन विभाग अगर दलमा इको सेंसिटिव जोन के तराई में बसे गांव के रैयतदार को विस्थापित करती है तो इसके खिलाफ व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा। वहीं बताया गया कि सरकार ने जन विरोधी कानून बनाकर दलमा ईको सेंसिटिव जोन के नाम पर ग्रामीणों को विस्थापित करना चाहती है। जन आंदोलन को लेकर मंच की ओर से व्यापक तैयारी की जा रही है। बैठक में सुकलाल पहाड़िया, अनूप महतो, रूपाई मांझी, जागरण पाल, राजा राम मुर्मू, सत्य नारायण मुर्मू, दुलाल सिंह, गुरु चरण कर्मकार, करमु मार्डी, राधाकृष्ण सिंह मुंडा समेत कई लोग मौजूद थे।

## बोकारो के सीसीएल में कार्यरत मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बोकारो :** बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत सीसीएल कथारा एरिया के गोविंदपुर परियोजना में कार्यरत मजदूर 53 वर्षीय रतिराम मांझी ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली है। घटना बीते मंगलवार की है। बताया जाता है कि सीसीएल गोविंदपुर परियोजना का कर्मी अपने टीसी कॉलोनी स्थित आवास संख्या-78 से बीते सोमवार से ही घर से बाहर नहीं निकला था। इसके बाद पड़ोस में रहनेवाले सीसीएल कर्मी चैता मांझी ने बंद खिड़की के सुराख से अंदर झांककर देखा तो आवास के पहले कमरे में वह फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह को दी गयी। इंस्पेक्टर के निर्देश पर अवर निरीक्षक दीपक पासवान और मनोज सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन मृतक कर्मी का घर अंदर से बंद था इसलिए दरवाजा का लॉक तोड़कर वे अंदर घुसना पड़ा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किस वजह से उन्होंने आत्महत्या की है। न ही इस संबंध में घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ है। सीसीएल में उनके सहकर्मी बताते हैं कि वह घर पर अकेला ही रहता था। मृत मजदूर रामगढ़ जिला के केदला घाटो का रहनेवाला था। घटना की सूचना पाकर आजाद समाज पार्टी के मंजूर आलम, गोविंदपुर एफ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक रजक, वार्ड सदस्य तालेश्वरी देवी, चंद्रिका रजक भी पहुंच कर मामले की जानकारी ली। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

नगर परिषद के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए एनोस एक्का ने कहा-

## नगर परिषद की हर समस्या दूर की जायेगी

### शहर के कई लोगों ने थामा झारखंड पार्टी का दामन

मेट्रो रेज



**सिमडेगा :** सुना है समुद्र को गुमान आया है, उधर ही ले चलो कश्ती जहां तूफान आया है। मुश्किलों से हम घबराते नहीं है हमारे आगे मुश्किल भी शर्मिंदा नजर आती है। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का नगर परिषद के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। बैठक में एनोस एक्का ने कहा कि शहर की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। व्यापारियों को व्यापार के लिए भय मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण किया जाएगा। फुटपाथ दुकानदारों को दुकान के लिए जगह उपलब्ध कराया जाएगा, शहर के एक-एक लोगों की समस्या को दूर करते हुए सभी के चेहरे पर मुस्कान लाया जाएगा। उन्होंने धर्म के नाम पर गंदी राजनीति करते हुए समाज को तोड़ने का प्रयास करने वाले और नफरत फैलाने वाले लोगों की पहचान कर उन्हें विधानसभा चुनाव में अपने वोट की ताकत से जवाब देने की बात कही। मौके पर कई लोगों ने झारखंड पार्टी पर विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की सभी लोगों को पार्टी का दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आईरीन एक्का, ओलिवर लकड़ा, मुन्ना शर्मा, अनूप श्रीवास्तव, अभय विश्वकर्मा, जिया ठाकुर, मिथिलेश प्रसाद, पिंकू चौधरी, मो इनामुल, मो इकबाल, मो छोटू, बिलाल अली, सुरजीत दत्ता, अरुण सिंह, दीपक बिढ्ढ, राजू सिंह, राजू केशरी, एमलेम कोंगड़ी, नीलू किंडो, मुसरफ, चिराग तिर्की, रीतू नायक शहीद कई लोग उपस्थित थे।

## अंचल अधिकारी गिरिजानन्द किस्कू अपने कार्यों एवं उपलब्धियों के कारण हमेशा लोकप्रिय अधिकारी रहे हैं

बिनय मिश्रा

सरकारी सेवा में तबादला सामान्य प्रक्रिया है और कुछ ऐसे अधिकारी होते हैं जो अपने बेहतर कार्य लोगों की समस्याओं का निराकरण कार्यालय के साथ-साथ क्षेत्र परिभ्रमण के दौरान जानने और सुनने के बाद उसे दूर करने के लिए जो सार्थक और प्रयास करते हैं उसी का यह परिणाम है कि वैसे अधिकारी लोकप्रिय अधिकारी की संज्ञा पाते हैं और हमेशा जनप्रिय भी रहते हैं। झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के तेज तर्रार कर्मठ एवं अपने बेहतर कार्यप्रणाली से चक्रधरपुर अंचल को बेहतर विकास गति देने वाले गिरिजानन्द किस्कू की यह विशेषता रही है कि भूमि निष्पादन दिवस के साथ-साथ अन्य दिनों भी लोगों की जन समस्याओं की निराकरण किया। यही नहीं दुर दराज और सुदूर क्षेत्रों से आने वाले ग्रामीणों की पीड़ा और व्यथा को जानने-सुनने के बाद तत्क्षण उसे दूर करने के लिए किये जाने वाले प्रयास का ही यह परिणाम रहा कि श्री किस्कू लोकप्रिय अंचल अधिकारी के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनायी। उनके द्वारा कार्यों के अलावे जो दायित्व मिला उसे भी उन्होंने गंभीरतापूर्वक सुगमता के साथ निस्पादन किया। उन्होंने जब अंचल अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया तो साथ ही साथ बाल विकास परियोजना का भी दायित्व मिला और इस विभाग अधीन कार्यों को भी सुचारू रूप से गति दी जो इनकी विशेषता ही मानी जाती है। वे जब बंदगांव प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी के रूप में पदस्थापित थें तो तत्कालीन उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा हिरणी जल प्रपात को बेहतर और सुन्दर बनाने की दिशा में जो सार्थक प्रयास किया गया उसमें श्री किस्कू की भी काफी सराहणीय योगदान रहा। ऐसे अधिकारी तबादला होने के पश्चात भी जनमानस के बीच लोकप्रिय रहते हैं और हमेशा याद किये जाते हैं। ऐसे अधिकारी से निश्चित तौर पर विभाग जिला को हमेशा गर्व रहता है। वहीं श्री किस्कू बताते हैं कि उन्हें विभाग के सभी लोगों का भरपुर सहयोग मिला और वे बेहतर ढंग से कार्यों का निष्पादन भली भांति कर सकें।



## युवा नेता विधा बड़ाईक ने की घायल की मदद

मेट्रो रेज



**सिमडेगा :** एक ई रिक्शा महाबीर चौक से प्रिंस चौक की ओर जा रहा था। इसी बीच सिमडेगा बस स्टैंड के समीप बीच सड़क में गढ्ढा होने के करना ई रिक्शा पलट गया, जिस कारण किनारे खड़े व्यक्ति के पैर में गंभीर चोट लग गयी। इसी वक्त उधर से गुजर रहे विधा बड़ाईक की नजर उस व्यक्ति पर पड़ी और वे तुरंत घायल व्यक्ति को लाइफ लाइन मेडिकल ले गए। जहां उनके पैर में लगी चोट को देख, दर्द का सूई, दवाई, मलहम की व्यवस्था श्री बड़ाईक ने की। अंदरूनी चोट के हालात को जानने के लिए कल एक्स-रे की जाएगी। युवा नेता विधा बड़ाईक ने शहरी क्षेत्र अंतर्गत सड़क के इर्द-गिर्द हो रहे गढ्ढों को भरने की ओर नगर परिषद् सिमडेगा के द्वारा आवश्यक पहल की जाए, ऐसी मंशा जाहिर की।

विस क्षेत्र के उत्थान,विकास व नव निर्माण को लेकर परिचर्चा सह जनसभा

# डॉ.विजय सिंह गागराई ने विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर किया शक्ति प्रदर्शन

मेट्रो रेज




**चक्रधरपुर :** पोड़ाहाट स्टेडियम में पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के उत्थान,विकास व नव निर्माण को लेकर परिचर्चा सह जनसभा का आयोजन किया गया। जहां पूरे भीड़ के समर्थन में मंच से पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया.साथ ही बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़ व समर्थन के जरिये उन्होंने शक्ति प्रदर्शन भी किया.इस अवसर पर उन्होंने मंच से ही मौजूद भीड़ से कहा कि आप अगर मुझे साथ देंगे तो मैं चुनाव लड़ूंगा, उन्होंने भीड़ से पूछा की मैं चुनाव लड़ू? इस पर मौजूद भीड़ ने अपना हाथ उठाकर व आवाज देकर समर्थन दिया कि आप अवश्य रुप से चुनाव लड़े.हम आपके साथ है.वहीं इस पर इस दौरान डॉ. विजय सिंह गागराई ने नगाड़ा बजाकर चुनाव लड़ने की घोषण की.उन्होंने कहा कि लोगों की जनसेवा के लिए ऐसे कई कार्य है, जिसे मैं सामाजिक क्षेत्र में रहकर पूरा नहीं कर पा रहा हूं, इसे लेकर आप मुझे एक शिक्षित प्रोफेसर,कर्मठ,ईमानदार व मेधावी को आगामी विधानसभा चुनाव एक मौका दें,मैं वायदा करता हूं कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र का दशा-दिशा बदल दुंगा. उन्होंने कहा कि शिक्षा,स्वास्थ्य को लेकर किये जा रहे कार्यों को अलावे संस्कृति, युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हूं और यह कार्य आगे भी जारी रहेगा.इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा, लाको बोदरा,जयपाल सिंह मुंडा, शहीद निर्मल महतो, पोटो हो, सिद्धु-कान्हू की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर व दीप जलाकर किया गया.वहीं समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई के साथ-साथ एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सामाजिक क्षेत्र में किये गये कार्यों के बारे में बताया.वहीं मौजूद कई लोगों ने समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई की ओर से किये गये मदद के बारे में भी जानकारी दी. इस दौरान बीच-बीच में पारंपरि नृत्य-गीत भी कलाकारों ने पेश किया. इस मौके पर पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष खिरोद चंद्र महतो, अबनी कुमार महतो,बाबू महतो, दयानिधि महतो, नीलकमल महतो, रामराय सामड, सुदर्शन महतो, सरोज महतो, उत्तम प्रधान, वीरसिंह हांसदा, मारकुस गागराई के अलावा चक्रधरपुर,बंदगांव प्रखंड के विभिन्न पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि, मानकी-मुंडा व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

### कार्यक्रम में ये रहें मौजूद

इस अवसर पर चक्रधरपुर के पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई जो सामाजिक कार्य कर रहे हैं वह सराहनीय है.उन्होंने कहा कि मजदूरों को उनका अधिकार मिलना चाहिए,उन्होंने कहा कि भीख नहीं काम दो, काम का पूरा दाम दो..। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति का चुनाव आगामी विधानसभा चुनाव में करें. वहीं जंगल बचाओ आंदोलन के नेता मानी हंस मुंडा, समाजसेवी प्रबल महतो, झारखंड आंदोलनकारी मानीहंस मुंडा, थोमस पूर्ति, हो भाषा साहित्यकार डोबरो बिरुली, समाजसेवी अनवर खान, गिरिराज सेना के प्रमुख उमाशंकर गिरि, समाजसेवी विनोद भगेरिया, प्रवीर प्रमाणिक के अलावे विभिन्न पीढ़ के मानकी, मुंडा व बुद्धिजीवियों ने भी संबोधित किया। साथ ही इन सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

**पोड़ाहाट स्टेडियम में आयोजित परिचर्चा सह जनसभा को लेकर समाजसेवी डॉ विजय सिंह का गागराई ने पवन चौक से किया पदयात्रा :** चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में रविवार को पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से आयोजित परिचर्चा सह जनसभा कार्यक्रम के पूर्व समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई ने भीड़ के साथ पवन चौक से लेकर पोड़ाहाट स्टेडियम तक पदयात्रा किया। इस दौरान उन्होंने पवन चौक पर शहीद पत्रकार पवन शर्मा, भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह व प्रखंड कार्यालय के समीप वीर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इसके बाद वे पोड़ाहाट स्टेडियम पहुंचे। जहां पारंपरिक नृत्य गीत से उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी थी।

## न्यूज ब्रीफ

### दोस्तों के साथ नहाने गया झरिया का युवक दामोदर नदी में डूबा

**झरिया :** चौथाई कुल्ही तिवारी मंदिर के समीप रहने वाला शिव कुमार यादव उर्फ तनु (28) रविवार की शाम दामोदर नदी के मोहलबनी घाट पर नहाने के दौरान डूब गया। पानी का बहाव तेज होने तथा अंधेरा होने के कारण उसकी तलाश नहीं की जा सकी है। सोमवार को गोताखोर नदी में उतरेंगे। स्व। गोपाल यादव का पुत्र शिव कुमार अपने दो दोस्त सदानंद रवानी व साहिल कुमार के साथ बाइक जेएच 10सीएस 8451 से मोहलबनी घाट गया था। दोस्तों ने शिव के घरवालों को फोन कर घटना की सूचना दी। इधर, सुदामडीह पुलिस सदानंद व साहिल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। चर्चा है कि घटना से पहले तीनों ने मिल कर मोहलबनी घाट पर शराब पी थी। इसी दौरान शिव कुमार नदी में कूद गया। शनिवार रात 10 बजे घर से निकला था शिव : शिव कुमार की पत्नी सीमा देवी ने बताया कि उसके पति शनिवार रात 10 बजे घर से निकले थे। उसने बताया कि पति के मोबाइल पर रविवार को दिन में कई बार बात हुई। इस दौरान पति ने कभी झरिया के कतरास मोड़ में होने, तो कभी घर आने की बात कही। इसके बाद मोबाइल फ्लाइट मोड में डाल दिया गया। डूबने की घटना के बाद शिव के दोस्तों ने सीमा के मोबाइल पर फोन कर सूचना दी। परिजन मोहलबनी घाट पहुंचे। शिव कुमार की मां मथुरा देवी, पत्नी सीमा देवी, छोटा भाई रघु यादव, पुत्र जस्टिन कुमार यादव (8) व जियांस कुमार यादव (6), चाची अंजना देवी का अनहोनी की आशंका से रो-रो कर बुरा हाल है।

मोहलबनी घाट पर लगी लाइट खराब : स्थानीय लोगों ने बताया कि मोहलबनी मुक्ति धाम दामोदर नदी घाट पर नगर निगम द्वारा लगायी गयी स्ट्रीट लाइट खराब है। इस कारण रात में नदी में युवक की तलाशी नहीं हो पायी।

### ग्रामीणों को पहले रास्ता दे, फिर गेट लगाए प्रबंधन : विधायक

**वनमेढा :** बीएसके महाविद्यालय के समीप निर्माणाधीन आइआइटी-आइएसएम के एक्सटेंशन सेंटर के मुख्य द्वार पर लोहा गेट लगाने ने ग्रामीणों में आक्रोश है। इसकी जानकारी मिलने पर निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता पहुंचीं और ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आइआइटी-आइएसएम प्रबंधन पहले वनमेढ़ा के ग्रामीणों को पहले वैकल्पिक रास्ता दें, फिर वहां गेट लगायें। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के लिए बगैर वैकल्पिक रास्ता दिये संस्थान को वहां गेट नहीं लगाने दिया जायेगा। जरूरत पड़ी, तो ग्रामीणों के साथ धरना-प्रदर्शन करेंगे। विदित हो कि आइआइटी-आइएसएम का एक्सटेंशन सेंटर वनमेढा में बनाया जा रहा है। सेंटर का मेन गेट निर्माण से ग्रामीणों के आवागमन का रास्ता बंद हो रहा है, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इधर, ग्रामीणों के विरोध के बाद आइआइटी-आइएसएम के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि ग्रामीणों से वार्ता के बाद ही वहां गेट लगाया जायेगा। फिलहाल गेट का पल्ला लगाया गया है।

### जमशेदपुर सुंदरनगर पुलिस ने भुडरूडीह में चलाया नशा मुक्ति अभियान

**जमशेदपुर:** सुंदरनगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में रविवार को थाना अंतर्गत ग्राम भुडरूडीह में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नशा के खिलाफ जागरूक किया गया। खासकर बच्चों को नशा से दूर रहने की सलाह दी गई। बच्चों को अच्छा नागरिक बनने के लिए पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच 120 सेट स्टेशनरी (कॉपी, कलम, पेंसिल, किताब, रबर, कटर, बिस्कुट, चॉकलेट, कलर एवं स्केल) का वितरण किया गया। मौके पर सुंदरनगर थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, सब इंस्पेक्टर मानिक बेहरा, करवाटुगरी पंचायत के मुखिया कानून मुर्मू तथा स्थानीय महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे।

### बायोम ने कोलकाता कांड के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**रांची :** बायोम इंस्टीट्यूट ने रविवार को कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। संस्था के निदेशक पंकज सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संस्था के परिसर में शोक व्यक्त किया। घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। बायोम के निदेशक पंकज सिंह ने इस अमानवीय कुकृत्य पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान पर आभार व्यक्त करते हुए अपील किया कि महिला चिकित्सक की निर्मम हत्या के दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। आरोपी को ऐसी सजा मिले कि कोई भी व्यक्ति ऐसा अमानवीय कृत्य करने का दुस्साहस न करे। कैंडल मार्च के दौरान संस्था द्वारा बेटियों को समुचित सम्मान और संरक्षण देने की अपील की गई। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी समेत अन्य मौजूद थे।

### रांची के देवांश अग्रवाल ने जीता ऑल इंडिया स्क्वैश चैंपियनशिप का खिताब



**रांची :** द महाराष्ट्र स्क्वैश रैकेट स्टेशन के तत्वावधान में दूसरा गारवेया क्लब हाउस ऑल इंडिया स्क्वैश चैंपियनशिप का आयोजन मुंबई में किया गया। 19 से 24 अगस्त तक आयोजित प्रतियोगिता में रांची के देवांश अग्रवाल ने अंडर13 प्रतियोगिता का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में 19 राज्यों के कुल 460 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें झारखंड की ओर से देवांश अग्रवाल ने बॉय अंडर 13 में लगभग 50 खिलाड़ियों में पहले स्थान पर रहा। बता दें कि देवांश अग्रवाल देश के प्रसिद्ध कोर्ट एक्स्ट्रीम स्क्वैश दिल्ली में धुर्व धवन से ट्रेनिंग ले रहा है और अपनी शिक्षा भी दिल्ली से ले रहा है। एसआरएफआई झारखंड ने देवांश और उसके कोच को उनकी सफलता पर बधाई दी।

## सरमा ने की महिला अपराधों से निपटने के लिए सख्त कानून की पैरवी

# चंपई सोरेन-जातिगत जनगणना पर भी बोले

मेट्रो रेज

**रांची :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा फिलहाल झारखंड में हैं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए सोमवार को कड़े कानून की वकालत की। इसके अलावा, उन्होंने चंपई सोरेन और जातिगत जनगणना मुद्दे पर भी बात की।

**पीएम ने कहा कि वह खुद सुझाव देंगे: सीएम सरमा**

सरमा ने रांची में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ के आवास पर पत्रकारों से कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद रविवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध के लिए सख्त कानून की वकालत की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि जब कानून बनाया जा रहा है तो वह केंद्र को सुझाव देंगे।'



**चंपई सोरेन बड़े नेता :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं व्यक्तिगत रूप से सोरेन को भाजपा में देखना चाहता हूं क्योंकि इससे राज्य में पार्टी को मजबूती मिलेगी। मगर वह इतने बड़े नेता हैं कि मैंने कभी उनसे इस संबंध में बात नहीं की। मैं राजनीति के बारे में उनसे कभी बात नहीं करता, मगर अब समय आ गया है।'

सोरेन सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं, इस पर सरमा ने कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में उनके साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम तो हेमंत सोरेन से भी बात करने के लिए तैयार हैं। हम उनके खिलाफ भी नहीं हैं, बस घुसपैठिए से झारखंड को बचाना है।

**जाति जनगणना पर क्या बोले सीएम सरमा:** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, 'भाजपा ने बिहार में जाति जनगणना कराई। कांग्रेस ने कर्नाटक में जाति जनगणना कराई, आपको भी उसका आंकड़ा जारी करना चाहिए। दोहरे मापदंड न अपनाएं। कल जनता दल ने यही कहा कि जब जाति जनगणना के लिए बैठक होती थी तो कांग्रेस नहीं आती। भाजपा ने बिहार में जाति जनगणना का समर्थन किया। जातिगत जनगणना का विरोध भाजपा के लिए कोई मुद्दा नहीं है। एससी, एसटी और ओबीसी को जहां भी न्याय मिलता है, हम वहां खड़े होते हैं।' असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा ने बिहार में जाति जनगणना कराई। कांग्रेस ने कर्नाटक में जाति जनगणना कराई, आपको भी उसका आंकड़ा जारी करना चाहिए। दोहरे मापदंड न अपनाएं।

### छह महीने के भीतर पूरी होनी चाहिए कानून प्रक्रिया

सीएम सरमा ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए सख्त कानून की पैरवी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस तरह के कानून के आह्वान का समर्थन किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े मामलों में पूछताछ, आरोप-पत्र, परीक्षण और दोषसिद्धि सहित सभी कानूनी प्रक्रियाओं को छह महीने के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।

### महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध

असम के मुख्यमंत्री ने कहा, 'महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री की इस बात का स्वागत करता हूं कि सख्त कानून की जरूरत है। मेरा एकमात्र अवलोकन यह है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में पूछताछ, आरोप-पत्र, परीक्षण और दोषसिद्धि जैसी सभी प्रक्रियाओं के लिए छह महीने की समय सीमा तय की जानी चाहिए। तभी हम ऐसे अपराधों को कम कर पाएंगे।' बता दें, सरमा की यह टिप्पणी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर आई है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच राजधानी में निकला चेहल्लुम जुलूस





मेट्रो रेज

**रांची :** राज्य में आज चेहल्लुम मनाया जा रहा है। जगह-जगह जुलूस निकाले जा रहे हैं। रांची में भी चेहल्लुम मनाया जा रहा है। चेहल्लुम जुलूस को लेकर राजधानी में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। जिसके बीच रांची के हिंदपीढ़ी और मेन रोड से चेहल्लुम का जुलूस निकला। बच्चे, बूढ़े और नौजवान सभी जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान राजधानी में पुलिस की व्यवस्था बेहद दुरुस्त दिखी। वहीं पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है। जुलूस में शामिल शिया समुदाय के लोगों ने अपने शरीर को लहूलुहान कर दिया। जुलूस में आगे-आगे तिरंगा के साथ निशान चल रहा था।

# फिर पांच साल के लिए लोजपा राम विलास के अध्यक्ष बने चिराग

## बैठक में विधानसभा चुनावों पर चर्चा



**रांची:** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को रविवार को लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की राष्ट्रीय कार्यकारी बैठक में अगले पांच साल के लिए एक बार फिर से अध्यक्ष चुना गया। पासवान ने कहा कि सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। खाद्य प्रस्करण उद्योग मंत्री पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी ने यहां अपनी बैठक में मुझे अगले पांच वर्षों के लिए फिर से अध्यक्ष चुना है। उन्होंने यह भी बताया कि बैठक में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों पर भी चर्चा हुई। झारखंड में पार्टी चुनाव या तो राष्ट्रीय गठबंधन सहयोगी भाजपा के साथ लड़ेगी या अकेले, इस पर विचार किया गया।

## पल्स पोलियो अभियान शुरू

# राज्य में 52.03 लाख बच्चों को दी गयी खुराक

मेट्रो रेज

**रांची :** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के तहत रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गयी। राज्यभर में 61,15,703 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत पहले दिन राज्य भर में 24,463 बूथों पर 52,03,976 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गयी। यह कुल लक्ष्य का 85।1 फीसदी है। वहीं, सोमवार व मंगलवार को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर शेष बचे 14.9 फीसदी बच्चों को पोलियो की खुराक देंगे। इधर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर के कदमा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश में पोलियो का कोई मरीज अभी नहीं है। हमलोग ने इस बीमारी को नियंत्रित कर लिया है। लेकिन,



इसको बरकरार रखने के लिए ही राज्य में पोलियो अभियान चलाया जा रहा है।

रांची में 5,07,474 बच्चों को खुराक देने का लक्ष्यइधर, रांची जिला में 5,07,474 बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत रविवार को 3,893 बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी गयी। रविवार को लक्ष्य के तहत 87.7 फीसदी बच्चों को पोलियो की खुराक दी गयी। सोमवार और मंगलवार को शेष 10.3 फीसदी बच्चों को घर-घर जाकर खुराक दी जायेगी।

# सदान विकास पार्टी की बैठक में नवमनोनीत पदाधिकारियों का अभिनंदन

मेट्रो रेज

**रांची :** सदान हितों के संरक्षण के लिए सतत संघर्षरत राजनीतिक दल 'सदान विकास पार्टी' की एक महत्वपूर्ण बैठक हिनू स्थित होटल शिवानी इंटरनेशनल में हुई। बैठक की अध्यक्षता सविपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ साहू ने कहा कि झारखंड में लगभग 77 प्रतिशत सदान निवास करते हैं। यह विडंबना ही कहेंगे कि सदान बहुल राज्य होने के बावजूद यहां सदानों की उपेक्षा होती रही है। सदानों को वाजिब हक देने की मांग को लेकर सदान विकास पार्टी संघर्षरत है। अलग राज्य गठन के बाद से ही सदानों की अपेक्षा की जाती रही है। डॉ। साहू ने कहा कि एकमात्र सदान विकास पार्टी ही है, जो सदानों के हितों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने बैठक में नव मनोनीत पदधारियों का स्वागत




करते हुए पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

सदान विकास पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ।आरपी मंडल एवं प्रदेश सलाहकार अधिवक्ता श्यामसुंदर सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मो एजाज आलम सहित अन्य पदधारियों को डॉ साहू द्वारा मनोनयन पत्र व परिचय पत्र सौंपा गया।

इस मौके पर पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ। आरपी मंडल ने कहा कि झारखंड में अब सदानों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आने वाले विधानसभा चुनाव में सदान विकास पार्टी झारखंड में पूरे दम-खम के साथ चुनाव मैदान में अपने प्रत्याशी उतारेगी। पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को सविपा कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में ओबीसी आरक्षण के बिना पंचायत चुनाव कराया जाना राज्य सरकार का अदूरदर्शितापूर्ण निर्णय है।

वहीं, अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण कर उनका हक मारने की साजिश की जा रही है। सरकार की इस मंशा को सदान विकास पार्टी सफल नहीं होने देगी।

सविपा के प्रदेश सलाहकार श्याम सुंदर सिंह (अधिवक्ता) ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ। आरपी साहू के नेतृत्व और मार्गदर्शन में सदानों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा। सदान विकास पार्टी सदान हित की रक्षा के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मो एजाज आलम, रांची जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, धनंजय वर्मा, प्रतुल कुमार, हटिया विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मो फजल अंसारी, रातू प्रखंड अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, सचिव मो।शमी, नामकुम प्रखंड महिला अध्यक्ष चांदनी देवी, उपाध्यक्ष सरिता देवी सहित काफी संख्या में सविपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आदिवासियों में चेतना जगाने के लिए बैठक

# समाज मे व्याप्त बुराइयों को दूर करने पर हुई चर्चा

मेट्रो रेज

**रांची :** केंद्रीय सरना समिति द्वारा ओरमांझी प्रखंड के आनंदी गांव के सरना स्थल मे आदिवासी समाज में चेतना जगाने के लिए बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा ने किया एवं संचालन संदीप पाहन ने किया है । आज की बैठक में आनंदी के सात गांव के समाज के अगुवा गण,माता, बहने एवं ग्रामवासी उपस्थिति हुई गांव के बुद्धिजीवी लोगों ने अपने वक्तव्य में मुख्य रूप से समाज के धर्म ,संस्कृति, रीति रिवाज एवं परंपराओं पर अपने विचार रखें एवं साथ ही साथ समाज में जो बुराइयां है उन बुराइयों को दूर कर समाज को विकास करने की बात कही। केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष श्री




बबलू मुंडा ने कहा कि आदिवासी समाज के रीति रिवाज धर्म संस्कृति परंपरा रुड़ीवादी प्रथा पर हो रहे चौतरफा हमला को रोकने के लिए समिति द्वारा लगातार हर गांव टोला मौजा में विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। राज्य सरकार भी आदिवासियों का परंपरागत रूढ़ि व्यवस्था को बचाने में असमर्थ है। राज्य सरकार राज्य में हो रहे अत्याचार बलात्कार एवं आदिवासी माता बहनों एवं अन्य की हत्याएं भ्रष्टाचार को नजर अंदाज करते हुए सिर्फ राज्य सरकार अपने खजाना भरने में लगी है*। *मुख्य पहान श्री जगलाल पहान ने कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा दिखाए हुए रूढ़िवादी परंपरागत रीति रिवाज धर्म संस्कृति धार्मिक विधि विधान की राह पर चले यदि हम इन राहों पर नहीं चलेंगे आने वाले दिनों में हम अपने वजूद एवं अपने आप समाप्त हो जाएंगे। इस बैठक का संचालन करता संदीप पहान ने कहा कि समाज एक जूट हो कर रहे एक साथ रहे एवं हर समस्या का समाधान मिल झूल कर करें*।

*इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री बबलू मुंडा, मुख्य पाहन जगलाल पहान, महासचिव अशोक उरांव, झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा, विस्वास उरांव, संजय मुंडा, जय किशोर मुंडा, राजदीप पहान , राजू मुंडा, राजेश पहान, शंकर मुंडा, आसाराम मुंडा, बलदेव मुंडा, मोहन मुंडा, राजू मुंडा, राहुल मुंडा, विनोद मुंडा, निर्मल मुंडा, रोहित मुंडा, नंदकिशोर मुंडा, करण पहान, प्रेमनाथ मुंडा, महावीर मुंडा, चमन मुंडा, हरि पहान, राजू रंजन मुंडा, राजेश पहान, आधन मुंडा, मनोज पहान, सूरज मुंडा, रवि मुंडा, मुन्ना हेंब्रम, आशीष मुंडा, सरिता पहान, अंजलि कच्छप, संतोषी मुंडा, रीमा मुंडा, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, राजेश पहान, सुरेंद्र पहान, राकेश मुंडा व अन्य उपस्थित थे।

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## सुनिश्चित पेंशन की गारंटी

**सरकार** ने पुरानी पेंशन योजना सरीखी यूनिफाइड़ पेंशन स्कीम (यूपीएस- एकीकृत पेंशन योजना) की शुक्रवार को घोषणा की। सुनिश्चित पेंशन की अरसे से सरकारी कर्मचारी मांग करते रहे हैं जिनके दबाव में मोदी सरकार को यह फैसला करना पड़ा है। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने भी बराबर दबाव बना रखा था। योजना के अनुसार कर्मचारी के रिटायर होने पर सेवानिवृत्ति के दिन से पहले के बारह महीने के औसत वेतनमान का 50 फीसद पेंशन के रूप सुनिश्चित मिलेगा। क्वालीफाइंग सर्विस 25 साल होगी। दस साल से 25 साल तक नौकरी करने वाले कर्मचारियों को उसी अनुपात में पेंशन मिलेगी। यूपीएस एक अप्रैल 2025 से लागू होगी। मौजूदा एनपीएस भी जारी रहेगी। कर्मचारियों पर है कि दोनों में से कौन सा विकल्प चुनते हैं। एनपीएस वाले यूपीएस में जाते हैं तो उन्हें फायदा होगा। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथ की अध्यक्षता में एक समिति बनाईथी। समिति ने कर्मचारियों के कल्याण और सुरक्षित भविष्य के मद्देनजर पेंशन के मसले का गहनता से अध्ययन किया। समिति की सिफारिशों के आधार पर मोदी मंत्रिमंड़ल ने यूपीएस संबंधी फैसला किया है। अलबत्ता, फैसले की टाइमिंग को लेकर काफी कुछ कहा जा सकता है। सबसे पहले तो यही कि लोक सभा चुनाव में पार्टी को मिले झटके के बाद कई राज्यों में आने वाले असेंबली चुनावों में भाजपा कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में तो असेंबली चुनाव का ऐलान भी हो चुका है। जल्द ही महाराष्ट्र और झारखंड़ में भी चुनाव होने हैं। 2024 के चुनाव में भाजपा के सदस्यों की संख्या 303 से गिरकर 240 पर रह गई थी। उसे अपने स्पष्ट बहुमत की सरकार की बजाय सहयोगी दलों के साथ बने गठबंधन एनड़ीए की सरकार का नेतृत्व करना पड़. रहा है। 2024 में अपेक्षानुरूप प्रदर्शन न कर पाने के पीछे तमाम कारक गिनाए जा सकते हैं लेकिन अग्निवीर, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) और आरक्षण, किसानों के मुद्दे ऐसे रहे जिनके चलते भाजपा को झटका लगा। पेंशन का मुद्दा खासा संवेदनशील है। 23 लाख कर्मचारी (राज्य सरकार भी इसे लागू करती हैं तो संख्या 90 लाख हो जाएगी) यूपीएस से लाभान्वित होने हैं जिनकी अनदेखी का जोखिम भारी पड़. सकता है। यूपीएस से सरकार ने मध्यम वर्ग को राहत देने की कोशिश की है जिसका उसे चुनाव में फायदा होता दिख रहा है।

## एहतियात जरूरी

**स्कूलों** में बच्चों की सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने सख्ती दिखाते हुए शून्य सहनशीलता यानी जीरो टालरेंस की बात दोहराई है। शिक्षा मंत्रालय के साक्षरता विभाग ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए स्कूल सुरक्षा व संरक्षा के बारे में दिशा-निर्देश 2021 जारी किए हैं जिनमें सरकारी, गैर-सरकारी सहायताप्राप्त व निजी स्कूलों के बच्चों की सुरक्षा के मसले में स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही का प्रावधान है। बच्चों को स्कूल जाने व परिवहन के दौरान भी सुरक्षा देने का प्रावधान है। छोटी कक्षा में पढ़ने वाले मासूमों के यौन शोषण को लेकर उपजे जनाक्रोश के बाद सरकार के कानों पर जूं रेंगी है। शीर्ष अदालत के निदेर्शों के उपरांत यदि ये सख्त निर्देश जारी हुए हैं तो इनके क्रियान्वयन का जिम्मा तो किसी न किसी को लेना ही होगा। बच्चों के प्रति लापरवाही के प्रति हम न सिर्फ आंखें मूंदे रहते हैं बल्कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं से सबक भी नहीं ले रहे। इन दिशा- निदेर्शों की अनदेखी या अवहेलना करने वाले स्कूल प्रबंधकों/प्राचार्यों पर सख्त कार्रवाई करने से मुकरने वालों पर लगाम कसी जानी जरूरी है। किसी नियम या दिशा-निर्देश को अपने समाज में सख्ती से लागू कराना भी टेढ़ी खीर है। वास्तव में बच्चे घर के भीतर भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। लगातार घरेलू हिंसा बर्दाश्त करते ही हैं। उन्हें स्कूल या परिवहन में भी संकटपूर्ण स्थितियां झेलनी पड़ती हैं। बच्चों के प्रति बेपरवाही का नतीजा है कि उनके साथ प्रति दिन दरिंदगी हो रही है। वे इतने मासूम और नासमझ हैं कि उन्हें अपनी सुरक्षा स्वयं करने का ज्ञान नहीं दिया सकता। वास्तव में यदि सरकार शून्य सहनशीलता की बात कर रही है तो उसे बाल न्याय अधिनियम के दोषियों पर सख्ती करनी चाहिए। नियमों को बना देना ही पर्याप्त नहीं हो सकता। इन्हें लागू न करने वाले स्कूलों को कड़ी कार्रवाई करते हुए तत्काल बंद करने जैसे कड़े. निर्णय भी लेना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी शिक्षण संस्थान खौफनाक दरिंदों की पहुंच से बच्चों को बचाने के लिए सतर्क रहे। पालकों को भी ऐसे प्रशिक्षित करने की जरूरत है कि वे बच्चों से इस तरह का संवाद बेझिझक कर सकें। उनका खौफ, आदतों में बदलाव, देह पर कोई निशान या जिद को नजरंदाज न करें। मासूमों की सुरक्षा और एहतियात के प्रति हम सबको सार्वजनिक तौर पर सतर्क रहने की जरूरत बढ़ती जा रही है।

# 'गब्बर' ने चुपके से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा बाय-बाय...

घरेलू क्रिकेट में अच्छा खेलने के बावजूद शिखर को टीम इंडिया में आने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। शिखर ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 अक्टूबर 2010 को विशाखापट्टनम में खेला। हालांकि, पहले ही मैच में वो मात्र दो गेंदें खेलकर शून्य पर आउट हो गए थे, लेकिन मार्च 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में अपने पहले टेस्ट मैच में उन्होंने 187 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें तो शिखर ने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी–20 मैच खेले। टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 7 शतक व 5 अर्द्धशतक लगाए। टेस्ट में शिखर का अधिकतम स्कोर 190 है। वनडे में उन्होंने 6793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्द्धशतक शामिल हैं। वनडे में उनका अधिकतम स्कोर 143 रन है। टी–20 में शिखर ने 1759 रन बनाए, जिसमें 11 अर्द्धशतक लगाए और उनका अधिकतम स्कोर 92 रन है।

**विनोद पाठक**

**शनिवार** सुबह जब क्रिकेट प्रेमी अपने बिस्तरों को छोड़कर बाहर निकल रहे थे, तभी खबर आई कि गब्बर यानी शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। भारतीय क्रिकेट टीम की ओपनिंग बैटिंग की रीढ़ रहे शिखर धवन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की। टीम इंडिया की ओपनिंग बल्लेबाजी में वो वीरेंद्र सहवाग के बाद दूसरे सबसे धाकड़ बल्लेबाज रहे हैं। हालांकि, शिखर पिछले दो वर्षों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर थे।

5 दिसंबर को 39 साल के होने जा रहे शिखर धवन बाएं हाथ के दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों में एक रहे हैं। दर्जनों रिकॉर्ड शिखर के नाम दर्ज हैं। गब्बर के नाम से साथी खिलाड़ियों के बीच प्रसिद्ध शिखर धवन दिल्ली के रहने वाले हैं और मात्र 12 साल की उम्र में उन्होंने क्रिकेट की ट्रेनिंग लेना शुरू कर दिया था। उनके पहले कोच तारक सिन्हा थे, जिनका जिक्र शिखर ने अपने संन्यास लेने के वीडियो में किया है। शुरूआत में शिखर धवन विकेटकीपर के तौर पर क्रिकेट करियर बनाना चाहते थे, लेकिन उनकी पहचान एक ओपनर बल्लेबाज के रूप में दुनिया में बनी।

बहुत जल्द शिखर ने क्रिकेट का क, ख, ग सीख लिया था। वर्ष 1999 में मात्र 14 साल की उम्र में उनका चयन अंडर 16 दिल्ली टीम में हो गया था। वर्ष 2000-01 की विजय मर्चेंट ट्रॉफी में दिल्ली उप विजेता रही थी। इस टूर्नामेंट में नौ पारियों में शिखर ने 755 रन बनाए थे। उनका बैटिंग औसत 83.88 रहा था। उन्होंने दो शतक बनाए थे और उनका अधिकतम स्कोर 199 रन था।

शुरूआत में ही शिखर ने बता दिया था कि वो लंबी रेस के घोड़े हैं। वर्ष 2003-04 के अंडर-19 वर्ल्ड कप में शिखर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे। उन्होंने 505 रन 84.16 के औसत से बनाए, जिसमें तीन शतक शामिल थे।

घरेलू क्रिकेट में अच्छा खेलने के बावजूद शिखर को टीम इंडिया में आने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। शिखर ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय वनडे मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 अक्टूबर 2010 को विशाखापट्टनम में खेला। हालांकि, पहले ही मैच में वो मात्र दो गेंदें खेलकर शून्य पर आउट हो गए थे, लेकिन मार्च 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में अपने पहले टेस्ट मैच में उन्होंने 187 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की बात करें तो शिखर ने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 मैच खेले। टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 7 शतक व 5 अर्द्धशतक लगाए। टेस्ट में शिखर का अधिकतम स्कोर 190 है। वनडे में उन्होंने 6793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्द्धशतक शामिल हैं। वनडे में उनका अधिकतम स्कोर 143 रन है। टी-20 में शिखर ने 1759 रन बनाए, जिसमें 11 अर्द्धशतक लगाए और उनका अधिकतम स्कोर 92 रन है।

शिखर धवन का आईपीएल करियर भी बेहद शानदार रहा। वो उन चुनिंदा खिलाड़ियों में हैं, जिन्होंने दो आईपीएल टीमों की कप्तानी की है। अपने आईपीएल करियर में शिखर धवन पांच टीमों से खेले। वो पहले ऐसे आईपीएल खिलाड़ी भी रहे, जिन्होंने लगातार शतक लगाए। शिखर धवन की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद ने वर्ष 2016 में आईपीएल टूर्नामेंट जीता था। शिखर धवन ने हैदराबाद के अलावा पंजाब किंग्स की भी कप्तानी की।

हालांकि, शिखर धवन का निजी जीवन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्होंने वर्ष 2012 में खुद से 10 साल बड़ी तलाकशुदा आयशा मुखर्जी से शादी की थी। दोनों सोशल मीडिया पर मिले थे। आयशा की पहले से दो बेटियां थीं। वर्ष 2014 में उनके एक बेटा हुआ। मात्र 9 साल की शादी के बाद शिखर और आयशा ने वर्ष 2021 में अपनी राहें जुदा कर लीं। वर्ष 2023 में उनका विधिवत तलाक भी हो गया। कोर्ट ने भी माना था कि शिखर धवन के साथ आयशा मुखर्जी ने मानसिक क्रूरता की थी। शिखर धवन एक नेक दिन दिल इंसान तो हैं ही, उनकी सोशल मीडिया पर बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें 7.2 मिलियन, इंस्टाग्राम पर 18.4 मिलियन और फेसबुक पर 17 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। गब्बर की धाकड़ परियों के लिए क्रिकेट प्रेमी सदैव उन्हें याद रखेंगे।

# सियासत ने बढ़ाई जाति की खाई?

**जाति तोड़ने की सोच** : सत्ता के लिए बहुमत हासिल करने के लक्ष्य को लेकर लगातार सक्रिय राजनीति ने जातीय समूहों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश में उनकी मांगों को उछालना शुरू किया। हर राजनीतिक समूह अपने हिसाब से अपनी समर्थक जातियों की राजनीतिक मांगों को जायज ठहराने लगा। इस पूरी प्रक्रिया में सामाजिक रूप से जाति को तोड़ने की सोच पीछे छूटती चली गई। दिलचस्प यह है कि जब कोई जातीय समूह किसी खास राजनीतिक ताकत का साथ छोड़ने लगा तो उसके हक और अधिकारों की मांग उस राजनीतिक ताकत के लिए गौण होने लगी।

**उमेश चतुर्वेदी**

**भारतीय** राजनीति और समाज में जाति बहुत पेचीदा मुद्दा रहा है। जाति व्यवस्था को सामाजिक कोढ़ बताने वालों का मानना था कि विकास और आधुनिकता के आने से जाति व्यवस्था अपने आप टूटती जाएगी। गांधी मानते थे कि अछूतोद्धार के जरिए समाज में बराबरी का संदेश जाएगा। उन्होंने इसकी कोशिश भी की। दूसरी तरफ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर मानते थे कि सामाजिक विकास यात्रा में पीछे छूट गए लोगों को आरक्षण देकर पहले सबल बनाया जाना चाहिए। वह तबका सबल होगा तो जाति व्यवस्था में बराबरी का भाव आएगा।

कांशीराम की सोचः लोहिया सोचते थे कि पिछड़ों को आर्थिक रूप से ताकतवर बनाकर आगे लाया जाए तो सामाजिक समानता का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसी ही सोच दीनदयाल उपाध्याय की भी रही। लेकिन बहुजन आंदोलन के अगुआ कांशीराम की मान्यता रही कि पिछड़ों और दलितों को सत्ता मिले तभी जाति टूटेगी। वोट बैंक का असर : चारों वैचारिकी के आधार पर देखें तो सामाजिक रूप से जाति टूटती नजर आ रही है, लेकिन जैसे-जैसे आरक्षण की राजनीति आंबेडकर की बुनियादी सोच से आगे बढ़ने लगी, राजनीतिक रूप से जातियां अपने-अपने दायरे में और मजबूत होती गईं। जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी की सोच बढ़ने लगी। इसलिए हर जाति नए सिरे से गोलबंद होने लगी। अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने और बढ़ाने के लिए ये जातियां अपने किले को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत करने लगीं। वोट बैंक की राजनीति ने इस प्रक्रिया को बढ़ावा दिया। जाति तोड़ने की सोच : सत्ता के लिए बहुमत हासिल करने के लक्ष्य को लेकर लगातार सक्रिय राजनीति ने जातीय समूहों को अपने साथ जोड़ने की कोशिश में उनकी मांगों को उछालना शुरू किया। हर राजनीतिक समूह अपने हिसाब से अपनी समर्थक जातियों की राजनीतिक मांगों को जायज ठहराने लगा। इस पूरी प्रक्रिया में सामाजिक रूप से जाति को तोड़ने की सोच पीछे छूटती चली गई। दिलचस्प यह है कि जब कोई जातीय समूह किसी खास राजनीतिक ताकत का साथ छोड़ने लगा तो उसके हक और अधिकारों की मांग उस राजनीतिक ताकत के लिए गौण होने लगी। पूरी भारतीय राजनीति इसी प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ रही है। मिलता गया विस्तार : भारतीय संविधान में दलितों और आदिवासी समूहों के लिए आरक्षण की व्यवस्था करते वक्त आंबेडकर ने इसे अनंतकाल तक चलाने से चेताया था। संविधान में शुरूआती दस साल के लिए ही आरक्षण की व्यवस्था रखी गई थी। लेकिन जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था ना सिर्फ आंबेडकर की सोच से आगे निकल गई है, बल्कि वह अनंतकाल तक चलते रहने के लिए अभिशप्त है। जाति जनगणना की मांग राजनीतिक समूहों द्वारा जातीय समूहों को यह यकीन दिलाने की कोशिश है कि वे उनके लक्ष्य के साथ खड़े हैं। उन्माद फैलाने का भाव : चाहे गांधी रहे हों या आंबेडकर या फिर लोहिया, उनके विचारों और सिद्धांतों का बुनियादी मकसद सत्ता की राजनीति नहीं, सामाजिक समानता के जरिए भारतीय समाज का निर्माण था। लेकिन उनके नाम पर राजनीति करने वाले आधुनिक समूहों के साथ यह बात नहीं दिखती। समाजवादी धारा की मौजूदा राजनीति की प्रभावी ताकतों के पास भारतीय समाज बनाने का कोई ठोस सामाजिक कार्यक्रम नहीं है। उनमें जातीय उन्माद बढ़ाने और फैलाने का भाव ज्यादा नजर आता है। कांग्रेस की राजनीति अतीत में ऐसी अतिवादी नहीं रही है, लेकिन अब उसकी भी राजनीति उसी राह पर चल रही है। सवर्णों में भी दोयम : गौर करने की बात है कि जिन सवर्ण जातियों के खिलाफ बाकी जातियों को गुस्से से भरने में ये शक्तियां मशगूल हैं, उन्हीं जातीय समूहों में कुछ ऐसी जातियां भी हैं, जिनकी दोयम हैसियत रही है। उदाहरण के लिए, ब्राह्मणों में महाब्राह्मण और शाकद्वीपीय समुदाय को लिया जा सकता है, जिनसे सामान्य ब्राह्मण समाज भी परहेज करता रहा है। क्षत्रिय और बनिया के बीच भी ऐसी कई छोटे समुदाय हैं, जो मौजूदा जातीय विमर्श में पिछड़े नजर आते हैं। लेकिन इस राजनीति को इस ओर ध्यान देने की फुरसत नहीं है। बेहतर होता कि यह राजनीति इस नजरिए से भी सोचती।

दरार बढ़ाती राजनीति : सच तो यह है कि जब भी जाति व्यवस्था कुछ कमजोर पड़ती दिखती है, राजनीति उसकी दरार को और बढ़ाने के लिए आगे आ जाती है। जातीय समूह भी अपने पारंपरिक भाईचारे को भूल अपने पड़ोस के ही जातीय समुदाय के खिलाफ राजनीति की ओर से पकड़ाई गई तलवार लेकर निकल पड़ते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में आखिरकार सामाजिक ताना बाना ही छिन्न-भिन्न होता है। हालांकि हर राजनीतिक समूह इसी ताने-बाने को बनाए रखना अपना उद्देश्य भी बताता है। जाति पूछने की आदत : संसद में अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी की जाति का सवाल उठाने पर उठे राजनीतिक बवाल के बीच कुछ सवाल भी बनते हैं। सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी या अखिलेश यादव ने कभी किसी की जाति नहीं पूछी? अपनी भारत यात्रा के दौरान ही राहुल गांधी रायबरेली पहुंचे तो वहां एक रिपोर्टर ने उनसे कुछ असहज सा सवाल पूछ लिया, जिस पर उन्होंने उससे जाति पूछ ली थी। इसी तरह अखिलेश यादव से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पिछले ही साल लखनऊ में एक रिपोर्टर ने असहज सा सवाल पूछ लिया था, तो उन्होंने भी उस रिपोर्टर को जाति पूछकर जलील किया था। कथनी-करनी का फर्क : सार्वजनिक जीवन बिताने वालों से उम्मीद की जाती है कि वह दूसरों से जैसे व्यवहार की अपेक्षा करते हैं, वैसा ही व्यवहार खुद भी करें। अखिलेश हों या कांग्रेस, उनकी प्रतिक्रियाओं से उनकी चिढ़ दिख रही है।

## उपासना

### चिंतन-मनन

**और** क्या था हमारे पास? हमारे पास थी भावना- संवेदना यह भी हमने अपने कुटुम्बियों के लिए बेटे-बेटी के लिए नहीं लगाई। इसे हमने अपनी भावना एवं संवेदना के माध्यम से संसार में रहने वाले व्यक्तियों के दुःखों के निवारण के लिए हमेशा उपयोग किया। हमने हमेशा यह सोचा कि हमारे पास कुछ है तो उसे किस तरह से बांट सकते हैं? अगर किसी के पास दुःख है तो उसका दुख किस तरह से दूर कर सकते हैं। यही हमने अपने पूरे जीवनकाल में किया है। इसके अलावा जो भी धन था उसे भी भगवान के कार्य में खर्च कर दिया। इससे हमें बहुत मिला इतना अधिक कि हम आपको बतला नहीं सकते। हमें लोग कितना प्यार करते हैंङ्क यह आपको नहीं मालूम। लोग यहां आते हैं तो यह कहते हैं कि हमें गुरु जी का दर्शन मिल जाता तो कितना अच्छा होता। यह क्या है? यह है हमारा प्यार, मोहब्बत,जो हमने उन्हें दी है तथा उनसे हमने पाई है। गांधी जी ने भी दिया था एवं उन्होंने भी पाया है। हमने तो कहीं अधिक पाया है। मरने के बाद तो कितने ही व्यक्तियों की लोग पूजा करते हैं। भगवान बुद्ध की पूजा करते हैं। मरने के बाद भगवान श्रीकृष्ण की जय बोलते हैं जबकि उस समय लोगों ने उन्हें गालियां दी थीं। हमारे मरने के बाद कोई आरती उतारेगा कि नहीं मैं यह नहीं कह सकता परन्तु आज कितने लोगों ने आरती उतारी है प्यार किया है, इसे हम बतला नहीं सकते। यह क्या हो गया? यह है हमारा बोया एवं काटा' का सिद्धांत। यह है हमारी आराधना समाज के लिए भगवान के लिए। मित्रो हमने पत्थर की मूर्ति के लिए नहीं वरन समाज के लिए काम किया है। पत्थर की मूर्ति को भगवान नहीं कहते हैं। समाज को ही भगवान कहते हैं। हमने ऐसा ही किया है। हमें दो मालियों की कहानी हमेशा याद रहती है। एक राजा ने एक बगीचा एक माली को दिया तथा दूसरा बगीचा दूसरे माली को। एक ने तो बगीचे में राजा का चित्र लगा दिया और नित्य चन्दन लगाता आरती उतारता तथा एक सौ आठ परिक्रमा करता रहा। इसके कारण बगीचे का कार्य उपेक्षित पड़ा रहा। बगीचा सूखने लगा। दूसरे ने कर्मयोग का रास्ता अपनाया और बगीचे में तरह- तरह के फूल- वनस्पति उगा कर पूरे बगीचे को ही महका दिया। कहना यह कि दूसरे माली की तरह हम अपने कर्मयोग से सर्व को सुख के भाव से समाजोपयोगी कुछ करते हैं तो निश्चित ही परम संतुष्टि का कारण बनते हैं।

## आपके पत्र

### भारत भूमि कब तक होती रहेगी कलंकित

भारत, जो देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है, जहां कंजक पूजा होती है, जहां हर धर्म के लोग रहते हैं, जहां लगभग प्रतिदिन नैतिकता और इनसानियत की राह दिखाते हुए पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं, वहां छोटी बच्चियों के साथ होने वाले अनैतिक काम छेड़छाड़, रेप जैसे मामले होना बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। समय-समय पर ऐसे मामले सुर्खियां बनते हैं। देश अभी कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर से हुए रेप और हत्या के मामले में इंसाफ की मांग कर ही रहा है कि इसी बीच देश की सभ्यता और कानून व्यवस्था को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है।

यह मामला महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर से है। यहां दो बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत हुई। इससे पहले भी ऐसी ही कुछ खबरें आती रही। सवाल यह है कि भारत भूमि कब तक कलंकित होती रहेगी।

**राजीव मल्होत्रा, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### जारी है जय माता दी सेवा समिति की जन सेवा



**दुमका** : जय माता दी सेवा समिति, दुमका एवं कृतिका सेवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जय माता दी सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार राउत के घर से स्वनिर्मित राजमा, चावल, आचार का भोजन शहर के टाटा शोरूम, टीन बाजार, धर्म स्थान, सिंधी चौक, गाँधी मैदान, डी सी चौक इत्यादि जगहों पर कार से घूम घूम कर लगभग 175 लोगों को भोजन कराया गया. मौके पर उपस्थित समिति के अध्यक्ष श्री राउत ने कहा कि समिति का उद्देश्य ही नर सेवा नारायण सेवा है. आज सच में कुछ विक्षिप्त लोगों को भोजन करा कर बहुत ही आत्मिक शान्ति मिली. समिति के द्वारा आगे भी ये सेवा जारी रहेगी. समिति के द्वारा बख्शी बाँध रोड में माता वैष्णो देवी जी का एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है समस्त दुमका वासी से सहयोग की अपेक्षा है. कार्यक्रम में मोनिका देवी, संतोष ठाकुर, दीपक कुमार ,गीता का कार्य सहयोग रहा.

### सोलबंधा ग्राम में शिक्षित बेरोजगारों का डाटा कलेक्शन कार्यक्रम



**साहिबगंज/मंडरो**: आजसू पार्टी युवा मोर्चा के प्रखंड संयोजक विक्रम कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंडरो प्रखंड के सोलबंधा ग्राम में शिक्षित बेरोजगार युवा युवतियों का डाटा कलेक्शन कार्यक्रम चलाया गया कार्यक्रम में सैकड़ो युवा युवातियों ने अपना-अपना डाटा आवेदन भरकर जमा किया।सभी डाटा आवेदन 8 सितंबर को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को जमा किया जाएगा। केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा सभी युवाओं के डाटा आवेदन को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समर्पित किया जाएगा,ताकि झारखंड के सभी बेरोजगार शिक्षित योग्य युवा युवातियों को रोजगार का लाभ मिल सके। चुकी यह कार्य झारखंड के सभी जिम्मेवार अफसर या पदाधिकारी द्वारा किया जाना था उनके द्वारा यह कार्य ईमानदारी से नहीं किया गया जिसकी जानकारी मुख्यमंत्री तक बेरोजगारी की संख्या का सही-सही आकलन माननीय मुख्यमंत्री के पास उपलब्ध नहीं है। इस कार्य को पार्टी के कार्यकर्ता राजभर में कर रहे हैं। जिसका लाभ यहां के बेरोजगारों को मिल सके।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे जिला कार्यकारिणी सदस्य राम प्रवेश यादव जिला कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पासवान प्रखंड अध्यक्ष साहिबगंज शशिकांत दुबे प्रखंड अध्यक्ष मंडल राजेश राय वकील मंडल अनिल शर्मा रामदास चौबे दुर्गा यादव अभिषेक यादव मुख्य रूप से डाटा कनेक्शन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### महर्षि मेही आश्रम में एकदिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन

**साहिबगंज/बरहरवा** : बरहरवा प्रखण्ड के कोटालपोखर में महर्षि मेंही आश्रम मे शुक्रवार को एक दिवसीय संतमत सत्संग का आयोजन किया गया हैं! इस मौके पर संतमत के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता स्वामी श्रीनिवास जी महाराज संतसग की शुरूआत स्तुति प्रार्थना व ग्रंथ पाठ के साथ किया। स्वामी श्रीनिवास ने अपने प्रवचन कहा कि संतों का ज्ञान कल्याण कारक होता है। वर्तमान समय में समाज के लोगों में अध्यात्म ज्ञान का होना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि जहां के लोगों में अध्यात्म ज्ञान लोग मे होगा। वहां के समाज के लोगों की सदाचारिता अच्छी होगी।वहां के सामाजिक नीति संस्कार अच्छे होगा समाज में संतों का ज्ञान और सत्संग की अति आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि जैसे सूर्य और चंद्र का उदय संसार के लिए मंगल कारक होता है।उसी तरह संतों का प्राकट्य भी संसार के लिए मंगल कारक होता हैं। स्वामी जी ने कहा कि गुरुदेव महर्षि मेंही कहां करते थे। कि शगुन सरकार से उपासना का प्रारंभ करके निर्गुण निराकार की उपासना करके मोक्ष का रास्ता तय करना चाहिएं! सिर्फ शगुन साकार की उपासना करने से मानव का कल्याण नहीं हो सकता हैं।उन्होंने कहा कि मानव को मोक्ष की प्राप्ति के लिए निर्गुण निराकार ब्रह्म की उपासना कर ब्रह्म ज्योति और ब्राह्म नाद के द्वारा ईश्वर की प्राप्ति का रास्ता तय करना पड़ता है। ब्रह्म ज्योति और ब्राह्म नाद की उपासना कर लेने के बाद जीव के आवागमन का चक्र समाप्त हो जाता है । और मानव आवागमन के इस चक्र से सदा के लिए छूट कर परमात्मा की प्राप्ति कर लेता है ।किसी ज्ञान को जानने के लिए संतमत का सत्संग और संतों का सानिध्य की आवश्यकता है ।इसी ज्ञान का प्रचार संत मत करता है। इसके लिए सबसे पहले पांच पापों से बचना चाहिए जिसमें झूठ ,चोरी नशा ,हिंसा ,और व्यभिचार मुख्य है। इन पांच पापो से बचे बिना मानव जीवन का कल्याण नहीं हो सकता है।मौके पर मे सत्संगी दिलीप राय,जितेंद्र सिंह,मदन पांडेय,डॉक्टर अरुण कुमार,सहित दर्जनों महिला पुरुष सत्संग श्र द्धालुओं ने भाग लिया।

### राजमहल सांसद बिजय हांसदा की पत्नी की अंतेष्टि में पहुँचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दी श्रद्धांजलि



**साहिबगंज/बरहरवा** : राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा की धर्मपत्नी कैथरीन हेमब्रम का अंतिम संस्कार सह अंत्येष्टि कार्यक्रम रविवार को शाम लगभग 3 :30 बजे रिलायंस पेट्रोल पंप समीप स्थित कब्रगाह पर ईसाई रीति रिवाज से किया गया.राजमहल लोकसभा सांसद के कालीतल्ला स्थित आवास पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया.जहाँ सासद के परिजन स्थानीय ग्रामीण व हजारों समर्थक शामिल हुए।सांसद विजय कुमार हांसदा की धर्म पत्नी कैथरीन हेंब्रम के अंतिम संस्कार में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,गांडेय विधायक कल्पना सोरेन शामिल होकर उन्हें पुष्प वर्षा कर श्रधांजलि अर्पित की,तत्पश्चात दुमका विधायक बसंत सोरेन,दुमका सांसद नलिन सोरेन,पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, पाकुड़ के पूर्व विधायक अकील अख्तर,सांसद विजय कुमार हांसदा,सांसद की मां शांति सरोजिनी मुर्मू सहीत कई राजनेता,झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी गण तथा परिवार के लोग भी शामिल होकर श्रधांजलि दी। ज्ञात हो कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा की धर्मपत्नी कैथरीन हेंब्रम पिछले कई महीनो से बीमार चल रही थी।जिसका इलाज दिल्ली एम्स में चल रहा था. इलाज के दौरान ही शुक्रवार को रात्रि 9 :35 में दिल्ली एम्स में उनका निधन हो गया था इसके बाद रविवार के पहले सुबह तक उनका शव कोलकाता से सड़क मार्ग द्वारा कालितल्ला स्थित आवास लाया गया।पश्चिम बंगाल के सीमा पर स्थित लखनमारा गांव की रहने वाली कैथरीन हेंब्रम की शादी 7 फरवरी 2020 को राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा के साथ हुई थी।अंत्येष्टि कार्यक्रम दौरान झामुमो के साहिबगंज जिला अध्यक्ष शहजहां अंसारी,पाकुड़ जिला अध्यक्ष श्याम यादव, वरीय नेता नजरुल इस्लाम,सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु सहित अन्य झामुमो व विभिन्न दल के नेताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया वहीं संथाल परगना के आईजी,डीआई साहिबगंज एसपी कुमार गौरव साहिबगंज डीडीसी सतीश चंद्रा बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिँह जमुदा,पाकुड़ डीसी,पाकुड़ एसपी,बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार,कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान दल बल के साथ उपस्थित रहे।

### बुके देकर कमलेश को किया सम्मानित



**साहिबगंज**: कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह खान ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रांची में नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मुलाकात कर फुल का बुके दे कर सम्मानित किया। उसके उपरांत साहिबगंज जिला अन्तर्गत राजमहल व पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बारे में आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा भी किया,तथा पाकुड़ विधान सभा में गलत तरीके से अन्य लोगों के द्वारा गलत अफवाह फैलाए जाने पर लिखित रूप से आवदेन भी दिया। जिला अध्यक्ष बरकत खान के द्वारा लिखित आवेदन पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वाशन दिया। साहेबगंज जिला के पार्टी संगठन मजबूती पर भी विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

# झारखंड पिछड़ा मोर्चा ने मनायी बीपी मंडल की जयंती




मेट्रो रेज

**दुमका** : जिला स्थित कन्वेंशन सेंटर के प्रशाल में झारखंड पिछड़ा मोर्चा दुमका के बैनर तले मोर्चा के संयोजक सुधीर कुमार मंडल की अध्यक्षता में पिछड़ा के मसीहा दिवंगत बीदेंश्वरी प्रसाद मंडल के जन्म जयंती पर पिछड़ा अधिकार महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बीपी मंडल के तस्वीर पर सभी पिछड़ा समाज के लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिछड़ा नेता सुधीर मंडल ने कहा कि झारखंड राज्य गठन हुए 24 वर्ष बीतने जा रहा है इन 24 वर्षों में झारखंड राज्य में बारी -बारी एनडीए, यूपीए ने सरकार बनाई परंतु पिछड़ा वर्ग का किसी भी राजनैतिक दल ने सुधि तक नहीं ली। एकीकृत बिहार के समय में हम पिछड़ी जातियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता था परंतु राज्य अलग होते ही झारखंड में पिछड़ी जातियों का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया एवं जिला रोस्टर में दुमका सहित 7 जिला में पिछड़ी जाति का आरक्षण शून्य कर दिया गया जो बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। वहीं मोर्चा के नेता राधेश्याम वर्मा ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर झारखंड पिछड़ा मोर्चा ने पिछड़ा अधिकार महासम्मेलन का आयोजन कर सरकार को चेतावनी दी गई कि जो सरकार पिछड़ा समाज के हित व आरक्षण नहीं देंगे तो वह सरकार को हमलोग उखाड़ फेकना है। वहीं मोर्चा के नेता वरुण यादव ने उपस्थित जनसमूहों से आग्रह किया कि हमें सभी राजनैतिक दलों से मोहभंग कर पिछड़ा वर्ग के हित के लिए सड़क से लेकर संसद तक एकजुट होकर लड़ाई लड़नी हैं तभी हमलोगों को अधिकार मिलेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन जयप्रकाश यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन भीम प्रसाद मंडल ने किया। कार्यक्रम को प्रेम केशरी, इंद्रकांत यादव, शोभा देवी, गोकुल बिहारी सेन, जगदीश राय, प्रमोद जयसवाल, नंदकिशोर भंडारी, चंद्रकिशोर सिंह, राजीव गुप्ता, शोभानंद ठाकुर, सदानंद बाबा, ओम मांझी, राजेश मंडल, भरत मंडल, संजय मंडल ने अपनी ओजस्वी वाणी से उपस्थित जनसमूहों को पिछड़ा वर्ग के हित में अपनी विचार वक्त किये। कार्यक्रम के पश्चात कन्वेंशन सेंटर से मुख्य बाजार तक अधिकार रैली निकाली गई। इस मौके पर संदीप कुमार जय बमबम, तीर्थनाथ मंडल, प्रशांत मंडल, मोहम्मद कलाम कदारी, राजेश कुमार गुप्ता, घनश्याम साह, राजकिशोर भगत, महादेव मंडल, आनंदी राउत, छोटेलाल मंडल, जितेंद्र साह, संजय जयसवाल, गदाधर दास, धन्नजय मंडल, धर्मराज, लक्ष्मी नारायण साह, लंबोदर यादव, सुभाष मंडल, नरसिंह महतो, लक्ष्मी यादव, प्रफुल्ल मंडल, लक्ष्मीनारायण साह, प्रदीप कुमार दर्वे, निर्मल कुमार रक्षित, रामयश यादव, सुनील यादव,मोहन राउत, मुकेश, संदीप, दिपेश, छोटू, रवि, कलावती देवी, चंपा देवी, रूपा देवी आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# दिल्ली मजदूरी कराने ले जायी जा रही दो नाबालिग को आरपीएफ ने कराया मुक्त

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा** : रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स को बरहरवा रेलवे स्टेशन पर बड़ी कामयाबी मिली है। आरपीएफ ने ट्रैफिकिंग कर मजदूरी कराने के लिए ले जाए जा रहे 2 नाबालिग बच्ची को मुक्त कराया है। मुक्त कराए गए दोनों बच्ची पाकुड़ जिले के रहने वाली हैं। इन बच्चों की उम्र 10 से 14 साल के बीच है। बताया जा रहा है कि इन बच्चियों को तस्कर द्वारा दिल्ली ले जाया जा रहा था। पूछताछ के क्रम में पता चला है कि बच्चियों को दिल्ली स्थित एक



कूलर फैक्ट्री में मजदूरी कराने के लिए ले जाया जा रहा था। लेकिन उनको बहला-फुसलाकर अच्छी नौकरी दिलाने का वादा करके इन बच्चों को दिल्ली ले जाया जा रहा था।दोनों बच्ची को हर महीने सात-सात हजार रुपए दिए जाने की बात कही गई थी।आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की दो लड़कियाँ बाहर काम के लिए निकली है । सूचना मिलते ही शनिवार की देर शाम आरपीएफ की टीम ने आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में बरहरवा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर छापेमारी की। इस दौरान इन बच्ची को देखा तो उन्हें शक हुआ। इसके बाद जब बच्चों से पूछताछ की गई तब मामले का खुलासा हुआ।मुक्त कराए गए दोनों बच्ची को बाल संरक्षण मंथन साहिबगंज को सौंप दिया गया है। पूछताछ के क्रम में दोनों ने अपना पहचान रानी मुर्मू पिता लखिराम मुर्मू,मुन्नी मुर्मू पिता रामचंद्र मुर्मू बताया है। आगे बताया की वे काम करने के लिए दिल्ली जा रही है।बता दें कि झारखंड-बिहार से बच्चों और लड़कियों की ट्रैफिकिंग करने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। इन्हें दिल्ली में चलने वाली प्लेसमेंट एजेंसियों को सौंप दिया जाता है।और इसके बाद उन्हें दिल्ली, राजस्थान,उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के शहरों में बेच दिया जाता है।

### अफवाह फैलाए जाने पर लिखित रूप से आवदेन भी दिया : बरकतुल्लाह

**साहिबगंज** : कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह खान ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रांची में नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मुलाकात कर फुल का बुके दे कर सम्मानित किया।उसके उपरांत साहिबगंज जिला अन्तर्गत राजमहल व पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बारे में आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा भी किया। पाकुड़ विधानसभा में गलत तरीके से अन्य लोगों के द्वारा गलत अफवाह फैलाए जाने पर लिखित रूप से आवदेन भी दिया।जिला अध्यक्ष बरकत खान के द्वारा लिखित आवेदन पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वाशन दिया। साहेबगंज जिला के पार्टी संगठन मजबूती पर भी विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

### पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को दिए जाते हैं पोलियो के टीके : डॉ.अनिल



मेट्रो रेज

**साहिबगंज**: पोलियो उन्मूलन के लिए चल रहे प्रयास के हिस्से के रूप में साहिबगंज जिले अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य प्रखंड सदर पल्स पोलियो के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस एनआईडी आयोजित किया गया।जिसमे डॉ.अनिल कुमार उप निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं झारखंड सरकार और मुख्य अतिथि सिविल सर्जन साहिबगंज डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया के दवारा दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पल्स पोलियो की शुरूआत की गई मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, एस0एम0ओ डब्ल्यूएचओ, डीएस सदर अस्पताल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सदर ब्लॉक, डीपीएम, आरसीएच सहायक, वीबीडी सलाहकार, बीपीएम, कर्मी मीडिया और अन्य उपस्थित थे' जिसमे प्रथम दिन बूथ डे और द्वितीय₹ तृतीय दिन घर-घर की गतिविधियाँ शामिल हैं ' जिसमे जिले का लक्ष्य 263934 है' इस दिन पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बीमारी से बचाव के लिए मौखिक पोलियो टीके दिए जाते हैं। पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल है। जिसका उद्देश्य पोलियोमाइलाइटिस को खत्म करना है। जिसे आमतौर पर पोलियो के रूप में जाना जाता है।

# भय, भ्रम, भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी, कमीशन खोरी के विरुद्ध एक और उलगुलान : डॉ. परमेश्वर भगत

मेट्रो रेज

**मांडर** : आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बाइक रैली और एक महत्पूर्ण सभा मांडर प्रखंड के बिसाहाखटंगा में संपन्न हुई जिसमे मुख्य रूप से पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत शामिल हुए।

बाइक रैली मांडर से प्रारंभ होकर बिसाहाखंटगा में संपन्न हुई तत्पश्चात ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाजसेवी अब्दुल गफ्फार ने कहा कि आज तक हम सभी लोग शोषित हो रहे है, इस बार मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता को शिक्षित, ईमानदार, कर्मठ व्यक्ति को विधायक बनाना है। आगे ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख़्तर आजाद ने कहा की इस बार मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता स्थानीय माटी पुत्र को प्रतिनिधित्व करने का मौका दे।अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने



ग्रामीणों से कहा कि बीते 20 वर्ष में जो काम देखने को नहीं मिल रहा है चाहे वह स्थाई डोमिसाइल नीति, पेसा कानून, आदिवासी सरना कोड, नियोजन नीति, पलायन रोकने की नीति और कुटीर उद्योग लगाने से संबंधित नीति, टाना भगत विकास प्राधिकरण का पुनर्गठन, उर्दू एकेडमी एवं मदरसा बोर्ड का गठन हो इन तमाम बिंदु पर काम करने की जरूरत है। मांडर विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील है एक बार प्रतिनिधित्व का मौका दीजिए विकास सहित उपर्युक्त तमाम चीजों पर काम देखने को मिलेगा। मौके पर हातिम अंसारी, अमानत अंसारी, जुमाउद्दीन अंसारी, फिरदौस खान, अली अंसारी, महबूब अंसारी, अनिल गोप, राजू महतो, बालसिंग महकी, मनोहर गुप्ता, विष्णु गोप, मुदीन अंसारी, रोजिद अंसारी, सलीम अंसारी, जहरुद्दीन अंसारी, अजबुल अंसारी, सोहैल अख्तर, मन्नू खान, इस्तियाक खान, मकसूद अंसारी, विजय सिंह, अशोक साहू, कयूम अंसारी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित।

# 21वीं सदी के भारत में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जो विकसित भारत की नींव मजबूत कर रहा : मोदी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन ही बात कार्यक्रम का 113 वां एपिसोड साहिबगंज शहर के 75 नंबर बूथ में सभी के द्वारा नगर पालिका स्थित आर्ट्स क्लासेस कोचिंग सेंटर में सुना गया।मन की बात कार्यक्रम के 113वां एपिसोड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष जगत से जुड़े युवाओं से बात की। उन्होंने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान-3 को लेकर भी बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में कितना ही कुछ ऐसा हो रहा है,जो विकसित भारत की नींव मजबूत कर रहा है।जैसे इस 23 अगस्त को ही हम सब देशवासियों ने पहला नेशनल स्पेस डे(राष्ट्रीय



अंतरिक्ष दिवस) मनाया। पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी हिस्से में शिव-शक्ति बिंदू पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी। भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना था।इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा पशुओं के प्रति प्रेम में हमारे अरुणाचल प्रदेश के युवा साथी भी किसी से पीछे नहीं हैं। अरुणाचल में हमारे कुछ युवा-साथियों ने 3-डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करना शुरू किया है।असम में तिनसुकिया जिले के छोटे से गांव बारेकुरी में मोरान समुदाय के लोग रहते हैं और इसी गांव में रहते हैं।हूलॉक गिबन जिन्हें यहां 'होलो बंदर' कहा जाता है। हूलॉक गिबन्स ने इस गांव में ही अपना बसेरा बना लिया है।आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इस गांव के लोगों का हूलॉक गिबन के साथ बहुत गहरा संबंध है।गांव के लोग आज भी अपने पारंपरिक मूल्यों का पालन करते हैं।इसके साथ ही भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात कार्यक्रम को हम सभी लोगो को जरूर सुनना चाहिए इसने किसी तरह की राजनीतिक पार्टी के बारे में बाते नहीं कही जाती हैं। इसने सिर्फ देश के बारे में बाते कही जाती हैं। हम सभी लोगों को इस मन की बात कार्यक्रम सुनना चाहिए और अपने घर वालो को भी इस कार्यक्रम को सुनाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है। और यही तो 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' है।इस अवसर पर आर्ट्स क्लासेस कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर सुदर्शन गुप्ता समेत दर्जनों छात्र छात्राओं उपस्थित रहे।

### 28 अगस्त को होने वाली रैली में 1000 लोग होंगे शामिल : राजकुमार यादव



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/तालझारी** : प्रखण्ड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य भवन में झारखंड मजदूर संघ की बैठक मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में प्रस्तावित आगामी 28 अगस्त को साहिबगंज जिला में आक्रोश रैली कार्यक्रम की सफलता को लेकर चर्चा किया गया।वही उपस्थित प केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने पुरलिया गांव के ग्रामीणों से कहा कि मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से कम भुगतान होना, गंगा कटाव,पलायन सहित मांगों को लेकर रेलवे मैदान से साहिबगंज शहर का भ्रमण करते हुए रैली उपायुक्त कार्यालय तक जाएगी। उन्होंने कहा कि इस रैली में लगभग 1000 लोग मौजूद रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष निखिल यादव,मिथुन यादव,विश्वजीत मंडल,मेरी शरण मेरी सजनी मुर्मू,संतोष,कुमार महतो,गौतम मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली बिग बॉस 18 में लेंगी हिस्सा

**बिग** बॉस 18 का आगाज जल्द ही होने वाला है। खबर आ रही है कि शो में इस बार सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली ने अपनी चुप्पी तोड़ी। वहीं, इस शो में कई लोगों को अप्रोच किया जा रहा है। कहा जा रहा है बिग बॉस 18 में अब्दु रोजिक भी आएंगे नजर।

सलमान खान का सबसे फेमस कंट्रोवर्शियल शो 'बिग बॉस 18' बहुत जल्द ही कलर्स टीवी पर शुरू होने वाला है। इस बार भी शो को सलमान खान होस्ट करेंगे। वहीं, बिग बॉस 18 को लेकर आए दिन नए-नए अपडेट्स सामने आ रहे हैं। अभी हाल में दावा किया गया था कि 'बिग बॉस 18' में सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली को अप्रोच किया गया है। अब इस पर सोमी अली ने अपनी चुप्पी तोड़ दी।

**सोमी अली ने 'बिग बॉस 18' में हिस्सा लेने पर तोड़ी चुप्पी :** पाकिस्तानी एक्ट्रेस सोमी अली ने हाल ही में आईएएनएस को दिए एक इंटरव्यू में 'बिग बॉस 18' में एंट्री को लेकर बताया कि वह किसी भी ऐसे शो के विए अबनी एनजीओ को नहीं छोड़ सकती हैं। सोमी अली ने कहा कि उन्होंने कभी बिग बॉस का कभी भी एक भी एपिसोड नहीं देखा और ना ही उन्हें इस शो के बारे में कोई आइडिया नहीं है।

सोमी अली ने आगे बताया कि उन्होंने सुना है कि यह स्क्रिप्टिड है और वह इस शो की कंटेस्टेंट बनने वाली हैं। हालांकि, अभी तक उन्होंने कभी इस बारे में शो के मेकर्स से कोई बातचीत नहीं की। इसके साथ ही सोमी ने कहा कि अगर वह मुझे इस शो के लिए अप्रोच भी करते तब भी इस शो में एंट्री लेने पर विचार नहीं करतीं। सोमी ने कहा कि यह बात एक अफवाह है और शो की रेटिंग को बढ़ाने के लिए इन रूमर्स को हवा दी जा रही है।

**अब्दु रोजिक भी शो में नजर आएंगे :** मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि 'बिग बॉस 18' के लिए मोहसिन खान और प्रियल गौर समेत कई सेलेब्स को अप्रोच किया गया है। वहीं खबर आ रही है कि बिग बॉस 18 में अब्दु रोजिक भी नजर आएंगे। हालांकि शो में अब्दु कंटेस्टेंट बनकर एंट्री नहीं लेंगे बल्कि कुछ स्पेशल सेगमेंट को वह होस्ट करेंगे। आगे क्या होता है वो तो पता ही लग जाएगा जब 'बिग बॉस 18' शुरू होगा।

## ए फ्लाइंग जट्ट के आठ साल पूरे होने का टाइगर श्रॉफ ने मनाया जश्न



**एक्शन** स्टार टाइगर श्रॉफ ने अपनी फिल्म ए फ्लाइंग जट्ट के आठ साल पूरे होने का जश्न मनाया और कहा कि फिल्म में उनका किरदार सामान्य सुपरहीरो जैसा नहीं था। टाइगर ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर अपने किरदार का एक स्केच शेयर किया, जिसमें 8 इयर्स ऑफ ए फ्लाइंग जट्ट लिखा हुआ है। इसके बाद उन्होंने 2016 में रिलीज हुई सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म का एक सीन शेयर किया। इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने निर्देशित किया था। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, यह आपका सामान्य सुपरहीरो नहीं है। फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज और नाथन जोन्स ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। यह एक मार्शल आर्ट ट्रेनर अमन ढिल्लन की कहानी है, जो एक दिव्य वृक्ष से सुपरनैचुरल पावर प्राप्त करता है। बॉलीवुड स्टार जैकी श्रॉफ के बेटे टाइगर ने 2012 में एक्शन रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हीरोपंती से अपने करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्हें 2016 में बागी में देखा गया, जो एक मार्शल आर्ट स्कूल की पृष्ठभूमि पर आधारित थी, जिसमें श्रद्धा कपूर और सुधीर बाबू भी थे। 2017 में उन्होंने डांस फिल्म मुन्ना माइकल में फिर से सब्बीर के साथ काम किया। अभिनेता को 2018 में अहमद खान की बागी 2 में देखा गया था जो बागी का सीक्वल थी। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री दिशा पाटनी भी थीं। टाइगर को स्टूडेंट ऑफ द ईयर फ्रैंचाइजी की दूसरी किस्त में भी देखा गया था, जहां उन्होंने एक कॉलेज के छात्र की भूमिका निभाई थी। जो 2019 में एक वार्षिक स्कूल चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करता है। उसी वर्ष उन्हें सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित ब्लॉकबस्टर एक्शन थ्रिलर फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के साथ देखा गया था। 2020 में उन्हें श्रद्धा कपूर के साथ बागी के तीसरे पार्ट में देखा गया था। पिछली बार स्क्रीन पर बड़े मियां छोटे मियां में दिखाई देने वाले टाइगर अगली बार ईगल और सिंघम अगेन में दिखाई देंगे।

## एसडीजीएम फिल्म में सनी देओल के साथ नजर आएंगे विनीत कुमार सिंह




**मुंबई :** गैंग्स ऑफ वासेपुर , सांड की आंख और अन्य फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता विनीत कुमार सिंह फिल्म एसडीजीएम के कलाकारों में शामिल हो गए हैं, जिसमें सनी देओल मुख्य भूमिका में हैं।

शनिवार को विनीत कुमार सिंह के जन्मदिन के अवसर पर, फिल्म के निमार्ताओं ने उनकी तस्वीर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो, और आपका आने वाला साल शानदार हो। एसडीजीएम फिल्म में आपका स्वागत है। फिल्म की शूटिंग इस साल जून में शुरू हुई थी और मूवी के लिए दर्शकों में काफी उत्सुकता है। दर्शक यह देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं कि सनी देओल और रंगबाज अभिनेता विनीत कुमार सिंह की जोड़ी पर्दे पर कैसा परफॉर्म करती है। फिल्म में रणदीप हुडा के साथ सैयामी खेर और रेजिना कैसेंड्रा भी अहम भूमिका में हैं। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों ने इस फिल्म की मनोरंजक कहानी होने संकेत दिया है, जिसमें दोनों अभिनेताओं को चुनौतीपूर्ण और आकर्षक भूमिकाओं में दिखाया जाएगा। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी ऋषि पंजाबी ने की है, और संगीत थमन एस ने तैयार किया है। माइथरी मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री ने यह फिल्म बनाई है। यह सनी देओल के साथ विनीत सिंह का पहला प्रोजेक्ट है। इस बीच, विनीत कुमार सिंह को उनकी हाल ही में रिलीज घुसपैठिया में उनके प्रदर्शन के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फिलहाल, वह अपने आगामी प्रोजेक्ट की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं, जिनमें सुपर बॉयज ऑफ मालेगांव, रंगीन और छावा शामिल हैं।

# भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा डबलूटीसी का फाइनल मैच



**पाकिस्तान** को हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट में 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। इस हार के बाद पाकिस्तान को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में काफी नुकसान हुआ था. इस हार के बाद पाकिस्तान का वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना काफी मुश्किल हो गया. हालांकि समीकरण के हिसाब से अभी पाकिस्तान वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच सकती है। तो क्या इस हिसाब से भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हो सकता है? आइए जानते हैं।

बता दें कि भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में अव्वल नंबर पर है, जबकि बांग्लादेश के खिलाफ हार झेलनी वाली पाकिस्तान 8वें पायदान पर पहुंच गई। टीम इंडिया फाइनल में पहुंचने की प्रबल दावेदारों में से एक है, जबकि पाकिस्तान का फाइनल में पहुंचना बहुत ही मुश्किल दिख रहा है। 6 में से सिर्फ 2 मैच जीतने के बाद पाकिस्तान का जीत प्रतिशत सिर्फ 30.56 का है।

हालांकि अभी पाकिस्तान को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र में 8 टेस्ट और खेलने हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए पाकिस्तान को अपने सभी 8 मैचों में जीत दर्ज करनी होगी। हालांकि यह पाकिस्तान के लिए आसान नहीं होगा क्योंकि उन्हें वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड जैसी विरोधी टीमों के खिलाफ खेलना है।

**भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो सकता है फाइनल :** गौरतलब है कि टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में पहले और ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर मौजूद है। भारतीय टीम ने 9 में 6 मैचों में जीत दर्ज की, 2 गंवाए और 1 मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ। वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया ने 12 मैच खेल लिए हैं, जिसमें उन्होंने 8 मैचों में जीत दर्ज की, 3 गंवाए और 1 ड्रॉ पर खत्म हुआ। ऑस्ट्रेलिया का जीत प्रतिशत 62.50 का है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नवंबर, 2024 से जनवरी, 2025 तक पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जानी है। पांच मैचों की यह सीरीज दोनों टीमों के फाइनल में पहुंचने के लिए अहम होगी। गौर करने वाली बात यह है कि 2021-23 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था।

## पेरिस पैरालंपिक के लिए भारत का दल रवाना

### पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया का दावा, 25 से ज्यादा पदक जीतेंगे




**नई दिल्ली:** पेरिस पैरालंपिक 2024 के लिए रविवार को भारतीय एथलीटों का अब तक का सबसे बड़ा दल दिल्ली से फ्रांस के लिए रवाना हुआ। 28 अगस्त से आठ सितंबर तक चलने वाले पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारतीय दल बैडमिंटन, एथलेटिक्स, साइकिलिंग और अन्य सहित विभिन्न स्पर्धाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश को गौरान्वित करने के लिए तैयार है। भररत के इस दल में कुल 179 सदस्य शामिल हैं। इस दल के साथ भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, सचिव जयवंत, चीफ डी मिशन सत्य प्रकाश सांगवान, अन्य प्रमुख सदस्यों के साथ रवाना हुए। झाझड़िया ने कहा, जब हम पेरिस पैरालंपिक की इस यात्रा पर निकल रहे हैं, तो मुझे अपने एथलीटों पर बहुत गर्व है। उनका समर्पण, दृढ़ता और भावना वास्तव में प्रेरणादायक है। यह हमारा अब तक का सबसे बड़ा दल है। मुझे कोई संदेह नहीं है कि वे उम्मीदों से बढकर 25 से अधिक पदक जीतेंगे। पूरा देश उनके पीछे खड़ा है और मुझे विश्वास है कि वे वैश्विक मंच पर भारत को गौरवान्वित करेंगे।

## हाथों में हाथ डाले बेफिक्रे नजर आए तमन्ना भाटिया-विजय वर्मा



**तमन्ना** भाटिया और विजय वर्मा एक बार फिर से मुंबई में एक साथ नजर आए। दोनों रविवार रात मुंबई में एक साथ नजर आए। इस दौरान दोनों ने सफेद और नीले रंग के आउटफिट पहने हुए थे, जबकि विजय ने ऊपर से ग्रे जैकेट भी कैरी किया हुआ था।

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने एक साथ वेब सीरीज 'लस्ट स्टोरीज 2' में साथ काम किया था और तभी से ही उनके बीच रोमांस की चचाएं सामने आती रही हैं। तमन्ना और विजय एक-दूसरे के साथ अपने रिश्ते के बारे में काफी खुले विचार के हैं, तभी वह किसी की भी परवाह किए बगैर पब्लिक प्लेस पर एक-साथ हाथों में हाथ डाले नजर आ जाते हैं। यह जोड़ा अक्सर सार्वजनिक रूप से अपनी मौजूदगी से लोगों को आकर्षित करता रहा है। तमन्ना और विजय हाल ही में मुंबई में बाहर निकले तब पैपराजी ने इस प्रेमी जोड़े को अपने कैमरे में कैद कर लिया।

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें तमन्ना भाटिया अपने कथित बॉयफ्रेंड विजय वर्मा के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं। रविवार रात को दोनों ने मुस्कुराते हुए पैपराजी को पोज दिए। इस दौरान दोनों ने एक कपल की तरह एक रंग की ड्रेस पहनी हुई थी।

## शाकिब के खिलाफ बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को नोटिस

### क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से तुरंत हटाने की मांग



**एजेंसी/ ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को शाकिब अल हसन को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से तुरंत हटाने को लेकर नोटिस मिला है। कुछ दिन पहले शाकिब के ऊपर हत्या में शामिल होने का आरोप लगा था। बांग्लादेश में पिछले दिनों पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन में 400 से ज्यादा लोगों की जान गई थीं। इन्हीं में से एक स्टूडेंट की हत्या का आरोप शाकिब समेत 147 लोगों पर लगा है।

स्टूडेंट की पांच अगस्त को फायरिंग में मौत हो गई थी। स्टूडेंट के पिता ने ढाका में एफआईआर दर्ज करवाई है। अब स्टूडेंट रुबेल के पिता ने वकील की मदद से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को नोटिस दिया है। इस नोटिस पर बीसीबी अध्यक्ष फारूक अहमद ने कहा है कि शाकिब अल हसन के क्रिकेटिंग फ्यूचर पर फैसला पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच चल रहे पहले टेस्ट मैच के बाद लिया जाएगा।




## अपने ही घर में शर्मसार हुआ पाकिस्तान बांग्लादेश ने पहले टेस्ट में 10 विकेट से हराया

**रावलपिंडी:** मेंहदी हसन सिराज (चार विकेट), शाकीब अल हसन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने रविवार को पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान 10 विकेट से करारी शिकस्त दी है। बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान पर एतिहासिक जीत दर्ज करते हुए दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। बांग्लादेश के गेंदबाजों के आगे पाकिस्तान की टीम ने दूसरी पारी में घुटने टेक दिए। मोहम्मद रिजवान (51) के अलावा उसका कोई भी बल्लेबाज पिच अधिक देर तक नहीं टिक सका। पाकिस्तान की पूरी टीम दूसरी पारी में 146 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई। सईम अयूब एक रन, बाबर आजम (22) और सऊद शकील शून्य पर आउट हुए।

इससे पहले बांग्लादेश को पहली पारी के आधार पर 117 रनों की बढ़त मिली थी। पाकिस्तान के दूसरी पारी में 146 रन पर सिमटने के बाद बांग्लादेश को 29 रनों का लक्ष्य मिला था जिसे उसने 6.3 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 30 रन बनाकर हासिल कर लिया। जाकिर हसन (15) ओर शादमन इस्लाम (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले पाकिस्तान ने छह विकेट पर 448 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी थी।

पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने शतकीय पारी खेली। रिजवान ने 239 गेंदों में नाबाद 171 रन बनाए, वहीं शकील ने 141 रनों की पारी खेली। सईम अयूब ने 56 रनों का योगदान दिया। इसके बाद मुशफिकुर रहीम ने (191) सदमन इस्लाम ने (93), लिटन दास ने (56), मेहदी हसन मिराज ने (77) रनों की पारी खेली और मोमिनुल हक ने 50 रनों के योगदान से बंगलादेश ने 565 का स्कोर खड़ा 117 रनों बढ़त बना ली थी।

# मुबई इंडियंस में बवाल; पांड्या से छिनेगी कप्तानी, सूर्या संभालेंगे कमान



**मुंबई:** मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 में कई बदलावों के साथ नजर आ सकती है। इसमें सबसे बड़ा बदलाव कप्तानी को लेकर हो सकता है। हार्दिक पांड्या को कप्तानी से हटाया जा सकता है। उनकी जगह सूर्यकुमार यादव नए कप्तान बन सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित के साथ टीम के कई खिलाड़ी पांड्या की कप्तानी से खुश नहीं हैं। इसके साथ सचिन तेंदुलकर भी सूर्या को कप्तान बनाने के पक्ष में हैं। हालांकि इसको लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि रोहित के खेमे ने मुंबई इंडियंस के टीम मैनेजमेंट को अल्टीमेटम दे दिया है। रोहित और सचिन समेत कई खिलाड़ी नहीं चाहते हैं कि पांड्या कप्तान रहें। अगर मुंबई ने फिर भी हार्दिक को कप्तान बनाए रखा, तो रोहित और सूर्या के साथ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी टीम का साथ छोड़ सकते हैं। फिलहाल मुंबई के खेमे में इसको लेकर काफी हलचल मची हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंस्टाग्राम के मालिक मार्क जुकरबर्ग को गिरफ्तार करो, एलन मस्क की चौंका देने वाली मांग



**सैन फ्रांसिस्को :** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने रविवार को टेलीग्राम के संस्थापक पावेल डुरोव का समर्थन किया और कहा कि मार्क जुकरबर्ग को उनके मेटा-स्वामित्व वाले इंस्टाग्राम पर बड़े पैमाने पर बाल शोषण की समस्या के लिए गिरफ्तार किया जाना चाहिए। अरबपति मस्क ने यह प्रतिक्रिया तब दी, जब लोकप्रिय एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम के संस्थापक और मालिक रूस में जन्मे पावेल डुरोव को उनके प्लेटफॉर्म से संबंधित कई आरोपों में फ्रांस में गिरफ़्तार किया गया। दोषी पाए जाने पर डुरोव को 20 साल तक की जेल हो सकती है। मस्क ने कहा कि मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग पहले ही सेंसरशिप के दबाव में आ चुके हैं। एक्स के मालिक ने पोस्ट किया, इंस्टाग्राम में बच्चों के शोषण की गंभीर समस्या है, लेकिन जुकरबर्ग की गिरफ़्तारी नहीं हुई, क्योंकि वह बोलने की आजादी को सेंसर करता है और सरकारों को पीछे के दरवाजे से यूजर्स के डाटा तक पहुंचा देता है। टेक अरबपति ने उल्लेख किया, बोलने की आजादी के समर्थन के लिए यह जरूरी है कि आप एक्स पोस्ट को अपने जानने वाले लोगों को फॉरवर्ड करें, खास तौर पर सेंसरशिप वाले देशों में। इस साल फरवरी में, जुकरबर्ग ने कैपिटल हिल में सीनेट की सुनवाई के दौरान ऑनलाइन बाल यौन शोषण के पीड़ितों के परिवारों से माफी मांगी थी।अरबपति उद्यमी ने बच?चों के माता-पिता से कहा कि आप सभी ने जो कुछ भी सहा है, उसके लिए मुझे खेद है। किसी को भी उन चीजों से नहीं गुजरना चाहिए जो आपके परिवारों ने झेली हैं। उन्होंने कहा, यही कारण है कि हम इतना निवेश करते हैं और हम यह सुनिश्चित करेंगे क? किसी को भी उन चीजों से नहीं गुजरना पड़े, जो आपके परिवारों ने झेली हैं। गौरतलब है की मस्क और जुकरबर्ग के बीच प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है।

### बिहार सिपाही परीक्षा में फ्जीर्वाड़ा करने के आरोप में छह गिरफ्तार

**पटना :** बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दौरान फजीर्वाड़ा करने के आरोप में रविवार को छह अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया। बिहार पुलिस मुख्यालय से जारी बयान के अनुसार, रविवार को परीक्षा के दौरान कदाचार में संलिप्त 13 अभ्यर्थी पाए गए जिनमें से छह को गिरफ्तार किया गया जबकि सात अभ्यर्थियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में नालंदा, भोजपुर, पूर्णिया, सहरसा, भागलपुर और बेगूसराय के एक-एक अभ्यर्थी शामिल हैं। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बिहार की विभिन्न पुलिस इकाईयों में कांस्टेबल के पद के लिए विभिन्न चरणों में भर्ती परीक्षा आयोजित कर रहा है। बिहार पुलिस में सिपाही के 21,391 पदों पर चयन के लिए 7 अगस्त से शुरू हुई यह परीक्षा 28 अगस्त तक जारी रहेगी। कुल 17.87 लाख उम्मीदवारों के परीक्षा में शामिल होने की संभावना जतायी गयी है।

### जाति जनगणना की जद(यू) की मांग को इंडिया ने कई बार किया अस्वीकार : ललन सिंह

**पटना :** केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने आरोप लगाया कि जाति जनगणना की जदयू की मांग को कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने कई बार अस्वीकार कर दिया। जद(यू) के विपक्षी खेमे इंडिया गठबंधन में रहने के दौरान पार्टी के अध्यक्ष रहे सिंह गठबंधन की बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मौजूद रहते थे। ललन ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनकी पार्टी का इस मामले को लेकर समर्थन नहीं किया और अब मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं। सिंह ने कहा, राहुल गांधी जाति जनगणना के मुद्दे पर सिर्फ घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं...वह इस मुद्दे पर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं...जब बिहार सरकार ने राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण कराया था और उस समय हम इंडिया गठबंधन का हिस्सा थे, तब हम उनसे विपक्षी गठबंधन की बैठक में इस पर प्रस्ताव पारित करने के लिए कहते रहे...दो बैठक हुई...लेकिन राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के दबाव में हमारे अनुरोध को ठुकरा दिया...आज वह घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री की यह टिप्पणी उस समय आई जब पत्रकारों ने देश में जाति जनगणना की राहुल गांधी की ताजा मांग पर उनसे प्रतिक्रिया मांगी। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में जाति सर्वेक्षण कराया था, तब राहुल गांधी ने कभी इसकी प्रशंसा नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी सिर्फ जनता को भ्रमित करने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। प्रयागराज में शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने कहा, करीब 90 फीसदी आबादी के पास आवश्यक कौशल और प्रतिभा है, लेकिन वे सिस्टम से जुड़े नहीं हैं। इसलिए हम जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं।

### किम जोंग उन ने 'आत्मघाती ड्रोन' के परीक्षण का किया निरीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने नये 'आत्मघाती ड्रोन' के प्रदर्शन का निरीक्षण किया और अपनी सेना की युद्ध की तैयारी बढ़ाने के लिए ऐसे हथियारों के विकास को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। सरकारी मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका और उत्तर कोरिया के मध्य तनाव के बीच किम अपनी बढ़ती सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। उत्तर कोरियाई परीक्षण की तस्वीरें सामने आयी हैं जिसमें एक सफेद ड्रोन दिख रहा है, जिसका पिछला हिस्सा और पंख अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षर 'एक्स' के आकार के हैं। तस्वीरों में ड्रोन कथित तौर पर दक्षिण कोरिया के मुख्य युद्धक टैंक के-2 को नष्ट करते दिख रहा है। अधिकांश लड़ाकू ड्रोन लक्ष्य से दूर रहकर मिसाइलों से हमला करते हैं। सरकारी मीडिया के अनुसार यह परीक्षण शनिवार को हुआ। यह परीक्षण ऐसे समय पर किया गया जब अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाएं संयुक्त क्षमताओं को बढाने को बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर रही हैं। इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु खतरों से बचाव करना है। दोनों देशों की ओर से कहा गया कि बृहस्पतिवार तक चलने वाले इस अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न उत्तर कोरियाई खतरों के खिलाफ अपनी तैयारी को बढ़ाना है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि शनिवार के परीक्षण में विभिन्न प्रकार के ड्रोन शामिल थे, जिनका निर्माण जमीन और समुद्र पर दुश्मन के ठिकानों पर हमला करने के लिए अलग-अलग दूरी तक उड़ान भरने के लिए किया गया है। उसने कहा कि ड्रोन ने लक्ष्यों को सटीक तरीके से निशाना बनाने से पहले विभिन्न मार्गों पर उड़ान भरी। किम ने कहा कि सैन्य प्रौद्योगिकियों और आधुनिक युद्ध में वैश्विक रुझान युद्ध में ड्रोन के महत्व को दशार्ते हैं और उत्तर कोरिया की सेना को 'जितनी जल्दी हो सके' बेहतर ड्रोन से लैस किया जाना चाहिए। केसीएनए ने कहा कि किम ने विभिन्न प्रणालियों के त्वरित विकास और उत्पादन का आह्वान किया, जिसमें आत्मघाती ड्रोन भी शामिल हैं, जिनका उपयोग पैदल सेना और विशेष अभियान इकाइयों द्वारा किया जा सकता है।

# राजस्थान की धरती उगलेगी सोना

# चार जगह मिले स्वर्ण भंडार

एजेंसी

**कोटा :** वीरों की जननी रही राजस्थान की धरती अब सोना उगलेगी। विधानसभा में राजस्थान सरकार ने बताया कि प्रदेश के चार स्थानों पर स्वर्ण धातु के भंडार पाए गए हैं। इनमें से तीन ब्लॉक की खनन के लिए नीलामी पूरी हो चुकी है। वहीं एक ब्लॉक में परमाणु खनिज की संभावना होने से परमाणु खनिज निदेशालय की ओर से अन्वेषण किया जा रहा है। सबसे अधिक स्वर्ण अयस्क बांसवाड़ा जिला की घाटोल तहसील के जगपुरा भूखिया डिपोजिट में है, जहां 9.4026 वर्ग किलोमीटर में 113.52 मिलियन टन भंडार में उच्च गुणवत्ता वाला स्वर्ण मौजूद है। इसकी ग्रेड 1.96 ग्राम प्रति टन है। घाटोल की ही कांकरिया गारा डिपोजिट में 2.05 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 1.24 मिलियन टन भंडार और उदयपुर के सलूंबर में डगोचा डिपोजिट में 4.72 वर्ग किलोमीटर में 1.74 मिलियन टन स्वर्ण भंडार मौजूद है। प्रदेश के दौसा जिला के धानी बसेड़ी डिपोजिट में परमाणु खनिज की संभावना के कारण यहां पर परमाणु खनिज निदेशालय की ओर से अन्वेषण कार्य किया जा रहा है। इन चारों डिपोजिट से कुल 120.59 मिलियन कच्चा सोना और उसमें से 222.39 टन शुद्ध सोना मिलने की उम्मीद है। राजस्थान में देश का 25 फीसदी स्वर्ण भंडार है। स्वर्ण खनन से इलेक्ट्रॉनिक, पेट्रोलियम, पैट्रोकेमिकल्स, बैटरी, एयर बैग सहित कई उद्योगों में नए निवेश के साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर विकसित होने की संभावना है। इससे न केवल अगले 50 सालों में एक लाख करोड़ की आय होने का अनुमान है। साथ ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 50 हजार युवाओं को रोजगार मिलने के रास्ते खुले हैं।

चार जगह मिले स्वर्ण भंडार, तीन ब्लॉक के खनन की नीलामी प्रक्रिया पूरी



#### यहां मिला खजाना

- घाटोल तहसील के जगपुरा भूखिया में 113.52 मिलियन टन स्वर्ण भंडार
- घाटोल के कांकरिया गारा डिपोजिट में 1.24 मिलियन टन मात्रा
- उदयपुर के डगोचा डिपोजिट में 1.74 मिलियन टन भंडार मौजूद
- दौसा जिला के धानी बसेड़ी में परमाणु खनिज की भी संभावना

### उत्तर-पूर्वी दिल्ली में फुटपाथ पर सो रहे व्यक्तियों को ट्रक ने कुचला, तीन की मौत

**नई दिल्ली :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में सोमवार तड़के एक ट्रक ने एक फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कथित तौर पर कुचल दिया जिससे उनमें से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार कथित घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुई। एक अधिकारी ने बताया कि ये सभी लोग बेघर थे और फुटपाथ पर सो रहे थे। अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया जहां तीन व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो घायलों को जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी गई हैं और मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### नांदेड़ से कांग्रेस सांसद वसंत बी. चव्हाण का निधन

**नांदेड़ :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वसंतराव चव्हाण का 70 साल की उम्र में निधन हो गया। पिछले दिनों उनके श्वसन तंत्र में संक्रमण होने की



बात सामने आई थी। पहले उनको नांदेड़ और फिर हैदराबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीते लोकसभा चुनाव में उन्होंने बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रताप पाटिल चिखलीकर को पराजित कर राजनीतिक गलियारों में खुद को एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित किया था। उनके निधन पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद वसंतराव चव्हाण जी के निधन की खबर चौंकाने वाली है। वे विपरीत परिस्थितियों में भी हमेशा कांग्रेस पार्टी के प्रति वफादार रहे और कांग्रेस पार्टी के विचार को घर-घर तक पहुंचाया। इस दुख में पूरी कांग्रेस पार्टी चव्हाण परिवार के साथ है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी वसंतराव चव्हाण के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## यूपीएस में यू मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न

### यूनिफाइड पेंशन स्कीम को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का केंद्र सरकार पर तंज

एजेंसी



**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लाने के फैसले पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है। खडगे ने एक्स पर लिखा कि चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद पीएम के सत्ता के अहंकार पर जनता की शक्ति हावी हुई है। सरकार ने पहले बजट में लांग टर्म कैपिटल गेन/इंडेक्सेशन का फैसला वापस लिया। इसके बाद ब्रॉडकास्टिंग बिल, यूपीएससी के उच्च पदों पर लेटरल एंट्री का फैसला भी वापस लिया। हम सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे। 140 करोड़ भारतीयों को इस सरकार से बचाते रहेंगे। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि जो काम सरकार को पहले ही कर देना चाहिए था, वह अब दबाव में आकर कर रही है। पूरा विपक्ष कह रहा है कि सरकार को पेंशन को लेकर कोई फैसला लेना चाहिए। रिटायर्ड कर्मचारियों को उनके मूल वेतन (रिटायरमेंट से पहले) का 50 फीसदी नहीं, बल्कि पूरा 100 फीसदी मिलना चाहिए। आप ऐसे कर्मचारियों के लिए ऐलान कर रहे हैं, जो देश के लिए काम करने के बाद रिटायर्ड होता है। यूपीएस के जरिए भी केंद्र सरकार भ्रम पैदा कर रही है। शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आनंद दुबे ने कहा कि विपक्ष के दबाव के कारण सरकार यूपीएस लाई है। इस बार भाजपा सिर्फ 240 सीटें जीती। इसलिए वे सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारियों के लिए स्कीम लाए हैं। विपक्ष के हमले के बीच महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे सरकार ने यूपीएस को मंजूरी दे दी है। वह केंद्र की पेंशन योजना लागू करने वाला पहला राज्य बन गया।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में नरसंहार

## बसों से नीचे उतारकर आईडी पूछी और मार दी गोलियां, 23 लोगों की हत्या

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सोमवार को कम से कम 23 लोगों की एक साथ ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक कुछ हथियारबंद लोगों ने ट्रकों और बसों को रुकवाया। इसके बाद उन्होंने आईकार्ड चेक करने के बहाने एक-एक को नीचे उतारना शुरू किया और गोली मारते चले गए। जानकारी के मुताबिक बलूच उग्रवादियों ने पंजाबियों को निशाना बनाया है। हथियारबंद लोगों ने 10 वाहनों में आग भी लगा दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल ले जाना शुरू किया।



पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक यह घटना मुसाखैल के राराशाम जिले की है। यहां कुछ हथियारबंद लोगं ने हाइवे पर वाहनों को रोकना शुरू किया। इसके बाद बसों से यात्रियों को नीचे उतारा जाने लगा। जानकारी के मुताबिक मरने वाले पंजाब के हैं। यानी जानबूझकर पंजाबियो को ही निशाना बनाया गया है। बलूचों का मानना है कि पंजाबी उनके संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं। ऐसे में बलूच उग्रवादी आए दिन उन्हें निशाना बनाते रहते हैं।

घटना के बाद पाकिस्तानी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाना शुरू किया गया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री ससरफराज बुगती ने इस घटना की निंदा की है। उन्होंने मरने वालों के परिवारों के लिए संवेदना जताई है। उन्होंने कहा है कि इस तरह मासूमों की जान लेने वाले कायर आतंकी छोड़े नहीं जाएंगे।

पिछले साल अक्तूबर में अज्ञात बंदूकधारियों ने बलूचिस्तान के केच जिले के तुर्बत में पंजाब के छह मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सभी दक्षिणी पंजाब के अलग-अलग इलाकों से थे। इसी तरह की एक घटना 2015 में हुई थी, जब बंदूकधारियों ने तुर्बत के पास मजदूरों के शिविर पर सुबह-सुबह हमला करके 20 निर्माण मजदूरों की हत्या कर दी थी और तीन अन्य को घायल कर दिया था। सभी सिंध और पंजाब के थे।

### जातिगत जनगणना पर राहुल को मिला चिराग पासवान का समर्थन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार में मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एक बार फिर एनडीए की विचारधारा से अलग राय रखते नजर आ रहे हैं। चिराग पासवान ने रविवार को एक बार फिर जातिगत जनगणना पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि जाति जनगणना हो। ऐसा कहकर चिराग पासवान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव की उस मांग के समर्थन में खड़े हो गए हैं, जिसका झंडा दोनों नेताओं ने बीते लोकसभा चुनाव से उठा रखा है। बता दें कि इससे पहले भी चिराग पासवान जातिगत जनगणना को लेकर अपनी ऐसी ही राय रख चुके हैं, बल्कि बीते दिनों उन्होंने लेटरल एंट्री वाले मामले पर मुखर विरोध जताया था।

चिराग पासवान ने कहा कि मेरी पार्टी ने हमेशा जाति जनगणना के समर्थन में अपनी स्थिति स्पष्ट रखी है। हम चाहते हैं कि जाति जनगणना हो। इसका कारण यह है कि कई बार राज्य सरकार और केंद्र सरकार ऐसी योजनाएं बनाती हैं, जो जाति को ध्यान में रखकर तैयार की जाती हैं। ये योजनाएं मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से बनाई जाती हैं। ऐसे में सरकार के पास उस जाति की जनसंख्या की जानकारी होनी चाहिए।

## कोलकाता रेप केस : कपड़े, अंडरगारमेंट्स और...मुख्य आरोपी की 9 चीजें मिली, सीबीआई के हाथ लगे 53 सबूत

एजेंसी

**कोलकाता :** कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या की गुत्थी अभी सुलझी नहीं है। मामले की जांच कर रही सीबीआई के हाथ 53 अहम सबूत लगे हैं। इनमें मुख्य आरोपी संजय रॉय की 9 चीजें भी शामिल हैं। सीबीआई को अहम सबूत मिलने के बाद संजय रॉय की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

सीबीआई के हाथ जो सबूत लगे हैं, उनमें डिजिटल सबूत, सीसीटीवी फुटेज और फोरेंसिक रिपोर्ट अहम है। सीबीआई ने संजय रॉय के कपड़े, अंडरगारमेंट्स और सैंडल को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि इन चीजों को उसने वारदात के वक्त पहना था। सीबीआई को इसके अलावा मुख्य आरोपी की मोबाइल टावर लोकेशन भी मिली है, जिससे पता चलता है कि वह वारदात के वक्त वहीं पर मौजूद था। साथ ही उसकी बाइक और हेलमेट को भी सबूत के तौर पर जब्त किया गया है। इसके अलावा 40 और महत्वपूर्ण चीजें हैं जो राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने क्राइम सीन से इकट्ठा की थीं।

कोलकाता की प्रेसीडेंसी जेल में संजय रॉय का रविवार को पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया है। संजय इसी जेल में बंद है। वहीं कोलकाता में सीबीआई के दफ्तर में चार प्रशिक्षु डॉक्टरों और संजय राय के करीबी सिविक वॉलंटियरअनूप दत्त का भी पालीग्राफ टेस्ट किया गया, जबकि इससे पहले शनिवार को अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष समेत चार प्रशिक्षु डॉक्टरों का पालीग्राफ टेस्ट किया गया था।





राधा-कृष्ण बने एचएम पब्लिक स्कूल के बच्चे ।

# एचएम पब्लिक स्कूल चुटिया और एचएम प्ले स्कूल द्वारिकापुरी में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना जन्माष्टमी

- राधा- कृष्ण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन
- दही- हांडी प्रतियोगिता भी हुई आयोजित

मेट्रो रेज

**रांची:** एचएम पब्लिक स्कूल और एचएम प्ले स्कूल द्वारिका पुरी लोअर चुटिया में जन्माष्टमी महोत्सव सह राधा कृष्ण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्री नर्सरी से चतुर्थ वर्ग तक के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में राधा और कृष्ण के आकर्षक परिधान पहनकर अलग छटा बिखेर रहे थे । इसमें राधा व कृष्ण की वेशभूषा में छात्र-छात्राओं ने फिल्मी गानों पर नृत्य और स्टेज पर रैप वाक किया। दोनों विद्यालय में बच्चों द्वारा मटका भी फोड़ा गया। बच्चों ने काफी उत्साह और लगन से कार्यकम में भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार ने बच्चों को कृष्ण जन्मोत्सव के संबंध में जानकारी दी। साथ ही उनके श्री कृष्ण के जीवन से जुड़ी कई रोचक जानकारियां भी बताया। उन्होंने बतलाया कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चे अपने धर्म और संस्कृति के बारे में जानते हैं और इनसे जुड़े रहते हैं और उन्हें अपनी कला के साथ साथ प्रतियोगी भावना विकसित होती है। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा और चिन्हित बच्चों मेडल दे कर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार कमलेश, पूनम, संयुक्ता, सती, सुप्रभा, मनीषा, जया मिश्रा, ज्योति, दीपिका, कल्पना दास, शोभा, मीणा, सुमन, बासुदेव, संतोषी, ओनिमा, पल्लवी, कंचन रवि प्रकाश, सरोज, गोविंद काजल, मीणा दास आदि शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा।

























राधा-कृष्ण की वेशभूषा में एचएम प्ले स्कूल के बच्चे ।